शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 36 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 05:09 | सूर्यास्त: 17:59 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारत में अरबपतियों की संख्या 2031 तक 51 प्रतिशत बढ़कर 313 होने का अनुमान: नाइट फ्रैंक पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दु:ख उनसे होता है जो साथ रहकर भी कभी अपने नहीं हुए।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव

## पहले चरण में 92.72 प्रतिशत मतदान, हिंसा की छिटपुट घटनाएं

- **मतदान में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही**
- **मतदान से जुड़ी करीब 500 शिकायतें, सीविजिल' ऐप के माध्यम से 375 अन्य शिकायतें दर्ज**

**'आजादी के बाद यह सर्वाधिक', मुख्य चुनाव आयुक्त का दावा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण में 152 सीट पर मतदान हुआ और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक 92.72 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस दौरान हिंसा, मतदाताओं को डराने–धमकाने और कम से उम्मीदवारों पर हमले की छिटपुट घटनाएं भी हुईं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा कि यह आजादी के बाद से पश्चिम बंगाल में दर्ज अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत है। आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में इससे पहले सबसे अधिक मतदान 2011 के विधानसभा चुनावों के दौरान 84.72 प्रतिशत रहा था। कुमार ने बताया कि गुरुवार को हुए मतदान में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही, जिसमें महिला मतदाताओं का प्रतिशत 92.69 रहा, जबकि पुरुष मतदात–ाओं का प्रतिशत 90.92 रहा। तीसरे लिंग के मतदाताओं का प्रतिशत 56.79 रहा। भारी मतदान पर दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दलों भाजपा और तृणमूल कांग्रेस ने अपने पक्ष में निर्णायक जनादेश मिलने की उम्मीद जताई। अधिकारियों ने कहा कि मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन निर्वाचन आयोग को मतदान से जुड़ी करीब 500 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि 'सीविजिल' ऐप के माध्यम से 375 अन्य शिकायतें दर्ज की गईं। तृणमूल कांग्रेस ने दोपहर तक 700 से अधिक शिकायतें दर्ज कराने का दावा किया, जिनमें से कई ईवीएम में कथित खराबी और केंद्रीय बलों के आचरण से संबंधित थीं। मुर्शिदाबाद, बांकुड़ा और कूच बिहार में मतदान प्रतिशत लगभग 90 प्रतिशत या उससे अधिक रहा, जबकि मालदह, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर में भी लगभग यही स्तर रहा। कलिम्पोंग में यह अपे–क्षाकृत कम लगभग 81 प्रतिशत रहा। हिंसा की घटनाओं के बावजूद, राज्य में पिछले चुनावों की तुलना में मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। अधिकारियों के अनुसार अंतिम मतदान प्रतिशत और बढ़ सकता है, जो संभवतः 95 प्रतिशत के करीब पहुंच सकता है। राज्य के 16 जिलों में मतदान से 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा के 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 167 महिलाओं सहित 1,478 उम्मीदव–ारों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड 85.14 प्रतिशत मतदान



**चेन्नई :** तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए बृहस्पतिवार को मतदान हुआ और निर्वाचन आयोग द्वारा देर रात साढ़े 10 बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक कुल 85.14 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के 5.73 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 85.05 फीसदी यानी लगभग 4.82 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इससे पहले, तमिलनाडु में 2011 के विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक 78.29 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था, जब अन्नाद्रमुक ने शानदार जीत हासिल की थी। इस बीच तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान बृहस्पतिवार को शाम को समाप्त होने के साथ ही, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने सीलबंद ईवीएम, वीवीपीएटी और अन्य चुनावी सामग्री को राज्य भर में नामित मतगणना केंद्रों के सुरक्षित कक्षों में स्थानांतरित कर दिया। विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो आजादी के बाद से राज्य का अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। इस बार राज्य में एक ही चरण में मतदान कराया गया।निर्वाचन आयोग के अनुसार, इससे पहले तमिलनाडु में सर्वाधिक मतदान वर्ष 2011 के विधानसभा चुनाव में 78.29 प्रतिशत दर्ज किया गया था, जिसे इस बार मतदाताओं ने पीछे छोड़ दिया। इस चुनाव में महिलाओं ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की और पुरुषों से अधिक मतदान किया। आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में महिला मतदाताओं की भागीदारी 85.76 प्रतिशत रही, जबकि पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 83.57 दर्ज किया गया। यह अंतर दर्शाता है कि महिलाओं में मतदान को लेकर जागरूकता और उत्साह लगातार बढ़ रहा है।रिकॉर्ड मतदान पर प्रतिक्रिया देते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है। उन्होंने तमिलनाडु के मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत करती है।विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च मतदान प्रतिशत से चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बढ़ती है और जनादेश को अधिक प्रतिनिधिक बनाता है।

## बंगाल में मतदान के आंकड़ों से मुझे पूरा यकीन है कि भाजपा को शानदार जीत मिलेगी : पीएम मोदी

**कहा.. 'झालमुड़ी मैंने खाई और मिर्ची तृणमूल कोंग्रेस को लगी'**



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हावड़ा में भव्य रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

**हावड़ा, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार की शाम हावड़ा शहर में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रोड शो किया। सड़क किनारे खड़े हजारों उत्साहित लोगों का मोदी ने भगवा रंग के ट्रक के ऊपर से हाथ हिला कर अभिवादन किया। इस दौरान 'भारत माता की जय', 'जय श्री राम' और भाजपा के चुनाव के नारे 'पलटानो दरकार, ताई भाजपा सरकार' के नारे गूंज रहे थे। ढोल की थाप के बीच कई भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री का मुखौटा पहने नजर आए।

- **पीएम ने कहा... '4 मई को विजयोत्सव के दौरान मिठाई के साथ झालमुड़ी भी बांटेगी'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को 'परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश' का संकेत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक चुनावी रैली में कहा कि निर्वाचन आयोग इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि उसने चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं होने दी। मोदी ने कहा कि 'बंगाल में पिछले 50 वर्षों के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि हिंसा की घटनाएं न्यूनतम रहीं। मतदान के बारे में अब तक मुझे जो जानकारी मिली है, उससे मुझे पूरा विश्वास है कि यह बंगाल के मतदात–ाओं द्वारा बदलाव के पक्ष में एक शानदार जनादेश होगा। मोदी ने कहा कि मतगणना के बाद भाजपा की बंगाल इकाई 4 मई को विजयोत्सव मनाएगी, जब पार्टी लोगों में न केवल मिठाई बल्कि 'झालमुड़ी' भी बांटेगी। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि झालमुड़ी ने भी कुछ लोगों को करारा झटका दिया है। मैंने झालमुड़ी खाई थी, लेकिन ऐसा लगता है कि तृणमूल नेताओं को मिर्ची लग रही है। मोदी ने ''तृणमूल के सिंडिकेट, आपराधिक और माफिया गठजोड़'' का जिक्र करते हुए दावा किया कि पार्टी राज्य के कुछ जिलों में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद, बांग्लादेश से आए उत्पीड़ित शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि तृणमूल का नारा है 'घुसपैठियों के साथ, घुसपैठियों का विकास'। हमें फर्जी दस्तावेजों के जरिए बाहरी लोगों को नागरिकता देने की साजिश को रोकना होगा। 4 मई के बाद बंगाल में सुरक्षा की एक नयी गारंटी शुरू होगी। मतुआ धर्मगुरु हरि चंद और गुरु चंद ठाकुर का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि किसी भी मतुआ परिवार को तृणमूल से उत्पीड़न का डर नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि मोदी उन सभी के साथ खड़े हैं जिन्होंने धार्मिक आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण ली है। बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के बाद सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) के माध्यम से नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करते हुए, मोदी ने हांसखाली में 2022 में एक किशोरी के साथ हुए सामूहिक बलात्कार और उसकी हत्या का जिक्र किया तथा इसे तृणमूल द्वारा पूरे राज्य में फैलाए गए भय का एक उदाहरण बताया। मोदी ने कहा कि हम बंगाल की महिलाओं पर अत्याचार और हिंसा करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे, राज्य के हर प्रखंड में महिलाओं के लिए विशेष पुलिस थाने स्थापित करेंगे और सड़कों पर विशेष सुरक्षा चौकी बनाएंगे। राज्य की महिलाओं को पुलिस बल में अधिक संख्या में भर्ती किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव प्रचार के बीच बेलूड़ मठ जाकर संतों से की भेंट



**हावड़ा, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव का प्रचार करने आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को रामकृष्ण मिशन के मुख्यालय बेलूड़ मठ गए और संतों से भेंट की। मोदी दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद हावड़ा के बेलूड़ पहुंचे। उन्होंने रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं को पुष्पांजलि अर्पित की और मठ के संतों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने इस की अपनी पिछली यात्राओं को याद किया। उन्होंने कहा कि उनका शुरू से इस मठ से जुड़ाव रहा है।

### ट्रंप का बयान विवाद: 'टिप्पणी तथ्यों–वास्तविकता से परे, ऐसी बातें अस्वीकार्य', विदेश मंत्रालय की दो–टूक

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारत और चीन को 'हेलह–ोल' यानी नरक का द्वार कहा था। विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिकी दूतावास की टिप्पणियां स्पष्ट रूप से अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और अस्वीकार्य थीं। विदेश मंत्रालय की ओर से डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी और अमेरिकी दूतावास के बयानों को तथ्यों और वास्तविकता से परे बताया गया।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## चुनाव के पहले चरण से ही तृणमूल कांग्रेस के जीत की स्थिति में होने का संकेत : ममता

**कहा : 'मुझे किसी पद में कोई दिलचस्पी नहीं, सिर्फ दिल्ली में भाजपा की सरकार का अंत चाहती हूं'**

**पीएम के बयान पर पलटवार, कहा... 'हमें झालमुड़ी के तीखेपन की आदत है'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में अब तक हुए मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस अभी से ही जीत की स्थिति में है। कोलकाता के बउबाजार इलाके में आयोजित रैली में ममता ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली (केंद्र की सत्ता) पर विजय हासिल करेंगी। इस दिन, ममता ने कहा कि मैं लोगों के मन को जितना समझ पाई हूं और अभी तक हुए मतदान के आधार पर मैं यह कह सकती हूं कि हम अभी से ही जीत की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि मुझे किसी पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे कुर्सी नहीं चाहिए। मैं सिर्फ दिल्ली में भाजपा की सरकार का अंत चाहती हूं। ममता ने दावा किया कि मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में नामों को हटाए जाने के विरोध में लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया। तृणमूल प्रमुख ने दोहराया कि उनके प्रयासों के कारण मतदाता सूची में 32 लाख नाम फिर से शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन आप (प्रधानमंत्री) कह रहे हैं कि आप जीतेंगे; क्या आप ऐसा कह सकते हैं? भाजपा इतनी नादान कैसे हो सकती है? मोदी की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कि भाजपा की बंगाल इकाई चार मई को मतगणना पूरी होने के बाद विजयोत्सव मनाएगी और पार्टी लोगों में न केवल मिठाई, बल्कि झालमुड़ी भी बांटेगी, ममता ने कहा कि मैं आपको भेलपुरी भेजूंगी, यह दिल्ली में उपलब्ध है। प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए ममता ने कहा कि हमें झालमुड़ी के तीखेपन की आदत है। ममता ने टॉलीगंज विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के हितों की वकालत की है और आगे भी करती रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे (भाजपा) पिछले 12 वर्षों से बंगाल को परेशान कर रहे हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा लंबित बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री की आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि एक तरफ तो वह बंगाल में अराजकता की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ कहते हैं कि चुनाव शांतिपूर्ण रहा। ममता ने कहा कि हम ऐसे लोगों के वोटों के आधार पर जीतेंगे, कोई और पार्टी नहीं जीतेगी। तृणमूल क्यों नहीं जीतेगी? हम निश्चित रूप से जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनावों के लिए बंगाल में केंद्रीय बलों की रिकॉर्ड संख्या में तैनाती से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि वोट जनता डालेगी, पुलिस या सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) नहीं।



# लू के थपेड़ों से जन-जीवन पर तपिश

एक वैश्विक संस्था एक्यूआई.इन के हालिया आंकड़ों से यह परेशान करने वाली तस्वीर उभरी है कि दुनिया के सबसे गर्म बीस शहरों में 19 भारत के हैं। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन बढ़ते तापमान का मुख्य कारक है, लेकिन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकारों व आम नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में है। घटता वनों का दायरा और हमारी जीवनशैली में बदलाव से बढ़ता कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ते तापमान का एक कारक बन रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पिछले कुछ दिनों तक बारिश के बाद लोग अप्रैल माह में भी ठंड का अनुभव कर रहे थे। उसके कुछ ही दिन बाद तुरंत लू चलने लगी। यह अचानक होने वाला मौसमी बदलाव हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। तमाम लोग अचानक मौसमी बदलाव से उत्पन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। गंगा के किनारे बसे उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में देश का सबसे ज्यादा 44.4 तापमान दर्ज किया जाना गंभीर स्थिति को दर्शाता है। चिंता की बात यह है कि गर्मी सामान्य सीमाओं को पार करके आगे बढ़ रही है। मौसम विभाग चेता रहा है कि देश के कई इलाकों में आगामी दिनों में लू की स्थिति बनी रहेगी। कई जगह पारा 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। दरअसल, मौसम विभाग का मानक है कि जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो इसे लू चलना कहा जाता है। फिक्र की बात यह है कि अप्रैल के चौथे सप्ताह में ही देश के कई शहर हीटवेव की सीमा से आगे बढ़ गए हैं। देश में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा आदि राज्य इस तपिश का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि पहली बार मध्यप्रदेश में रात को हीटवेव चलने की चेतावनी दी गई है। गर्मी का आलम यह है कि देश के कई राज्यों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। दिल्ली के स्कूलों में एक समय अवधि घंटी बजाकर छात्रों को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा ताकि वे पानी पीकर गर्मी की चुनौती का मुकाबला करें।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर देश के तमाम राज्यों में जीवन रक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। कई जगह श्रमिकों के दिन में कुछ घंटों में काम करने पर रोक लगायी गई है। महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला गया है। तमाम शहरों में लू के अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। कई जगह ट्रैफिक सिग्नल बंद किए गए ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े। सड़कों, बस स्टेशनों तथा रेलवे स्टेशनों में पानी की फुहार के जरिये गर्मी से राहत देने के प्रयास किए जा रहे हैं। ताजमहल देखने पहुंचे कई पर्यटकों के बेहोश होने के समाचार हैं। गर्मी के चलते राजस्थान के कई पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की संख्या में गिरावट के संकेत हैं। आशंका जताई जा रही है कि इस सप्ताह दिल्ली में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। बहरहाल, इन तमाम चिंताओं के बीच प्रश्न यह है कि अप्रत्याशित गर्मी क्यों बढ़ रही है। दरअसल, अप्रैल माह में प्री-मानसून हीट पीरियड के चलते जमीन पर पड़ने वाली तेज धूप गर्मी का एक कारण है। बताया जाता है कि हिमालयी क्षेत्रों में कम बर्फबारी भी गर्मी बढ़ने का एक कारक है। वहीं समुद्री सतह के गर्म होने से भी गर्मी का असर तेज हो रहा है। फलत: वातावरण में ठंडक लाने वाली हवाएं व सिस्टम कमजोर होने से, वे ही गर्मी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। वहीं शुष्क हवाएं बादल बनने में अवरोध पैदा करके बारिश की संभावना को कम कर दे रही हैं। निश्चित रूप से यह जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की भी देन है। यह वर्तमान ही नहीं, भविष्य में भी और तापमान बढ़ने की चिंता भी दर्शाता है। आशंका है कि भविष्य में तापमान में तीव्रता और बार-बार हीटवेव चलने की स्थिति बढ़ सकती है। हाल-फिलहाल मानसून से पहले की फुहारों के कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं, जिसका मतलब है कि जल्दी बारिश न होने से इस माह के बाकी दिनों में भी हमें गर्मी की तपिश झेलने को मजबूर होना पड़ेगा।

# बंगाल और तमिलनाडु में भारी मतदान निहितार्थ



डॉ घनश्याम बादल

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 23 अप्रैल का दिन और बातों के लिए याद किया जाए ना किया जाए लेकिन इस बात के लिए ज़रूर याद किया जाएगा कि अब मतदाताओं की जागरूकता उच्चतम स्तर पर है। इसका स्पष्ट प्रमाण है तमिलनाडु एवं बंगाल में हुए उच्च मतदान का प्रतिशत। इतना ऊंचा मतदान प्रतिशत कम ही देखने को मिलता है तो इस उच्च मतदान प्रतिशत का आकलन भी लीक से हटकर ही होगा।

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल दोनों ही राज्यों ने इस बार लोकतंत्र की किताब में एक लंबी रेखा खींच दी है। 80 प्रतिशत से ऊपर का मतदान केवल आंकड़ा नहीं होता, यह जनमानस की बेचैनी, उम्मीदों और राजनीतिक तापांक का प्रतीक है। तमिलनाडु में लगभग 82 से 85 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में करीब 89-90 प्रतिशत मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि यह चुनाव रूटीन चुनाव नहीं अपितु निर्णायक जनादेश है, टकरावपूर्ण है और परिणामों को लेकर असाधारण अनिश्चितता से भरा हुआ है।

तमिलनाडु की राजनीति पर नजर डालें तो यहाँ की परंपरा रही है कि सत्ता विरोधी लहर अक्सर चुपचाप बनती है और मतदान के दिन अचानक प्रकट होती है। इस बार का ऊँचा मतदान इसी संभावना को हवा देता है, लेकिन तस्वीर इतनी सीधी भी नहीं है। मुख्यमंत्री स्टालिन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कडगम ने कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय अस्मिता के सहारे अपना एक ठोस आधार खड़ा किया है।

दूसरी ओर पलानी स्वामी की अगुवाई में विपक्ष ने संगठन, जातीय समीकरण और एंटी-इंकम्बेंसी को हथियार बनाया है। सवाल यह है कि 80 प्रतिशत से अधिक मतदान किसके पक्ष में झुका है?

इतिहास बताता है कि तमिलनाडु में उच्च मतदान हमेशा सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं रहा, बल्कि कल्याणकारी राजनीति की स्वीकार्यता को भी पुष्ट करता है। महिलाओं, ग्रामीण मतदाताओं और लाभार्थी वर्ग की बड़ी भागीदारी सत्तारूढ़ पक्ष के लिए राहत का संकेत हो सकती है। यही वह साइलेंट वोटर है, जो कैमरों से दूर रहता है लेकिन ईवीएम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। इसलिए इस चुनाव में सीधी लहर की बजाय माइक्रो-स्विंग निर्णायक भूमिका निभाएगा।

तमिलनाडु में मुकाबला भले ही कड़ा हो, लेकिन बढ़त सत्तारूढ़ खेमे की तरफ झुकी दिखती है। विभिन्न सर्वे एवं आकलनों के अनुसार द्रमुक गठबंधन को लगभग 120 से 145 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन 80 से 105 सीटों के बीच सिमट सकता है। अन्य दल 5 से 10 सीटों के दायरे में रह सकते हैं। यह परिणाम किसी सुनामी का नहीं, बल्कि एक नियंत्रित बढ़त का संकेत होगा,जहाँ सत्ता विरोधी

**त्वरित टिप्पणी :**

भावनाएं मौजूद हैं, पर वे निर्णायक रूप से सत्ता पलटने लायक नहीं बन पाईं। इसका दूसरा निहितार्थ यह भी हैं कि केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा पूरा जोर लगाने के बावजूद भी तमिलनाडु की जनता भले ही स्टालिन और डीएमके के नंबर काटे मगर सत्ता की बागडोर उन्हीं के हाथों रहेगी वैसे एक संभावना यह भी बनती है कि दोनों ही गठबंधन इतने पास - पास हो कि जनादेश एक तरफ धरा रह जाए और जोड़-तोड़ की राजनीति के माहिर सत्ता की लगाम अपने हाथों में ले लें।

अब वर्तमान राजनीति के सबसे गम बिंदु पश्चिम बंगाल की बात करें तो वहाँ राजनीति हमेशा तापमान के चरम पर चलती है। लगभग 90 प्रतिशत मतदान केवल उत्साह नहीं, बल्कि ध्रुवीकरण की पराकाष्ठा का संकेत है। यहाँ हर वोट के पीछे एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश छिपा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने अपने 15 वर्ष के शासन में ग्रामीण नेटवर्क, महिला मतदाताओं और क्षेत्रीय पहचान को अपने पक्ष में मजबूत किया है, जबकि भाजपा ने आक्रामक चुनावी रणनीति, केंद्रीय मुद्दों और संगठनात्मक विस्तार के जरिए मुकाबले को द्विध्रुवीय बना दिया है।

बंगाल में इतना भारी मतदान दो तरह की संभावनाएं पैदा करता है। एक, यह सत्ता के खिलाफ असंतोष का विस्फोट हो सकता है; दो, यह सत्तारूढ़ दल की मजबूत ज़मीनी पकड़ का प्रमाण भी हो सकता है, जिसने हर मतदाता को बूथ तक पहुंचाया। फर्क सिर्फ इतना है कि किसकी मोबिलाइजेशन मशीन ज्यादा प्रभावी रही। बंगाल का इतिहास बताता है कि यहाँ का उच्च मतदान अक्सर सत्तारूढ़ दल के पक्ष में भी जाता है, क्योंकि उसका कैडर नेटवर्क ज्यादा संगठित और आक्रामक होता है। इस पृष्ठभूमि में यदि विभिन्न एजेंसियों के आकलन की बात की जाए तो बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही है, लेकिन यह बढ़त आरामदेह नहीं होगी। उसे 140 से 170 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा 110 से 140 सीटों के बीच कड़ी टक्कर देती नजर आ रही है। वाम-कांग्रेस गठबंधन हाशिये पर सिमटकर 5 से 15 सीटों तक सीमित रह सकता है। यह परिणाम बताता है कि बंगाल में लड़ाई खत्म नहीं हुई, बल्कि और तेज हो गई है। एक और बात इन चुनाव में ओवैसी और हुमायूं कबीर के प्रभाव के चलते मुस्लिम मतदाता भी परिणाम को काफी हद तक प्रभावित करेंगे।

दोनों राज्यों के मतदान प्रतिशत को एक साथ रखकर देखें तो एक दिलचस्प समानता सामने आती है,उच्च मतदान ने सत्ता के खिलाफ असंतोष को पूरी तरह निर्णायक नहीं बनने दिया, लेकिन उसे पूरी तरह दबाया भी नहीं। यह स्थिति भारतीय लोकतंत्र की उस जटिलता को दर्शाती है, जहाँ मतदाता एक साथ दो संदेश देता है-हम संतुष्ट नहीं हैं और हम पूरी तरह असंतुष्ट भी नहीं हैं।

सार रूप में कहें तो यह चुनाव परिणाम जनादेश की गूंज से ज्यादा जनभावना की खामोश सरसराहट होंगे। तमिलनाडु में यह सरसराहट सत्तारूढ़ द्रविड़ राजनीति के पक्ष में झुकी हुई है, जबकि बंगाल में यह दो ध्रुवों के बीच बंटी हुई है, जहाँ हर सीट पर संघर्ष आखिरी वोट तक जाएगा।

अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस बार के चुनावों ने राजनीतिक दलों को एक स्पष्ट संदेश दिया है- मतदाता अब केवल नारों से संतुष्ट नहीं होता, वह भागीदारी चाहता है, परिणाम चाहता है और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए घर से बाहर निकलने को तैयार है। 80 और 90 प्रतिशत के आंकड़े इसी जागरूकता के प्रमाण हैं।

आकलन के अनुसार तो तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन सत्ता में वापसी करता दिख रहा है और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस फिर से सरकार बनाती नजर आ रही है लेकिन भाजपा भी कड़े और आक्रामक विपक्ष के रूप में इन दोनों राज्यों में खुद को स्थापित करती हुई नज़र आ रही है।

वैसे एक और बड़ा सत्य यह भी है कि भारतीय मतदाता के मन की तरह कभी कोई सर्वे एजेंसी या चुनावी सर्वेक्षण के एग्जिट पोल अथवा प्री पोल पकड़ ही नहीं पाए हैं। सारे आकलन एक तरफ और मतदाता का जनादेश एक तरफ होते रहे हैं । यदि इस बार भी ऐसा हो जाए तो आश्चर्य नहीं ।

लोकतंत्र की इस ऊँची भागीदारी ने एक बात तो तय कर दी है,सत्ता चाहे जिसके हाथ में जाए, उसे अब चुनकर आए होने से ज्यादा लगातार जवाबदेह रहने की कड़ी परीक्षा भी देनी होगी।

-लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं समीक्षक हैं

# सोशल इंजीनियरिंग और एसआईआर के चक्रव्यूह से सत्ता वापसी की तैयारी



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट अभी से सुनाई देने लगी है। जहां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 'पीडीए' के नारे के साथ मिशन-2027 का बिगुल फूंक चुके हैं और सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी ताकत झोंक रही है, वहीं बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी खामोश लेकिन बेहद मारक रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति जो पिछले कुछ समय से दो ध्रुवीय होती दिख रही थी, उसे मायावती एक बार फिर त्रिकोणीय बनाने की कवायद में जुट गई हैं। इस बार उनकी रणनीति सिर्फ नारों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जमीनी स्तर पर डेटा और 'सोशल इंजीनियरिंग' के घातक मिश्रण के साथ मैदान में उतर रही हैं। मायावती के लिए यह चुनाव केवल सत्ता का संघर्ष नहीं है, बल्कि पार्टी के अस्तित्व को बचाए रखने और दलित राजनीति की धुरी को फिर से अपने पाले में लाने की बड़ी चुनौती है।

मायावती ने इस बार अपने पत्ते बेहद सावधानी से खोले हैं। उन्होंने 2027 के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में एक नया और तकनीकी मोड़ दिया है, जिसे 'एसआईआर' (मतदाता सूची पुनरीक्षण) अभियान से जोड़ा गया है। आम तौर पर पार्टियां चुनाव से ऐन पहले टिकट बांटती हैं, लेकिन बसपा ने पहले ही करीब 40-50 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों को हरी झंडी दे दी थी। हालांकि, अब इस रणनीति में अचानक बदलाव किया गया है। मायावती ने अब उन नेताओं को तवज्जो देने का फैसला किया है जिन्होंने एसआईआर अभियान के दौरान बूथ स्तर पर सक्रियता दिखाई। पार्टी का मानना है कि चुनाव सिर्फ रैलियों से नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में अपने समर्थकों के नाम सुरक्षित रखने से जीते जाते हैं। मायावती ने करीब 15 हजार बूथ कमेटियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट का मकसद यह समझना है कि कहां उनके वोट बैंक में सेंध लगी है और कहां साजिश के तहत समर्थकों के नाम काटे गए। जो पदाधिकारी इन कटे हुए नामों को दोबारा जुड़वाने और बूथ को मजबूत करने के मोर्चे पर सफल रहे हैं, उन्हीं की दावेदारी अब टिकट के लिए पुख्ता मानी जाएगी।

बसपा की इस नई रणनीति के केंद्र में वह 'सोशल इंजीनियरिंग' है, जिसने 2007 में पार्टी को पूर्ण बहुमत की सरकार तक पहुंचाया था। मायावती एक बार फिर 'दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम' गठजोड़ को जीवित करने की कोशिश कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के बदलते सियासी समीकरणों के बीच मायावती यह समझ चुकी हैं कि केवल एक वर्ग के भरोसे सत्ता की कुर्सी तक नहीं पहुंचा जा सकता। इसीलिए उन्होंने हर विधानसभा सीट पर चार-चार दावेदारों का पैनल तैयार करवाया है। इन दावेदारों को उनकी जातीय पकड़ और स्थानीय समीकरणों के आधार पर परखा जा रहा है। मायावती ने मंडल और जोनल कोऑर्डिनेटरों को साफ निर्देश दिए हैं कि वे जातियों के गणित की सटीक रिपोर्ट

**मायावती का मिशन 2027:**



दें। अगर किसी सीट पर दलित वोटों के साथ मुस्लिम या ब्राह्मण मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं, तो वहां उसी समाज के मजबूत चेहरे को तलाशा जा रहा है। यह प्रक्रिया काफी गहरी है, जिसमें पहले क्षेत्र प्रभारी बनाया जाता है और फिर उसकी सक्रियता के आधार पर उसे प्रत्याशी घोषित किया जाता है। मायावती का दिल्ली से लखनऊ और फिर लखनऊ से दिल्ली का दौरा भी इसी रणनीति का हिस्सा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जहां बसपा का आधार हमेशा से मजबूत रहा है, वहां के समीकरणों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी मायावती ने खुद संभाली है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि पार्टी इस बार किसी बड़े दल से गठबंधन के बजाय अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी का मानना है कि गठबंधन से उनके वोट दूसरे दलों को ट्रांसफर हो जाते हैं, लेकिन दूसरे दलों के वोट बसपा को नहीं मिलते। ऐसे में अपने पारंपरिक वोट बैंक को सहेजकर रखना और उसमें दूसरे वर्गों को जोड़ना ही सबसे सुरक्षित रास्ता है। मायावती अब उन बूथों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जहां पिछले चुनावों में बसपा का प्रदर्शन गिरा था। वह खुद जिलों से आने वाली एक-एक रिपोर्ट की समीक्षा कर रही हैं और इस बात पर जोर दे रही हैं कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से कट गए हैं, उन्हें दोबारा हर हाल में जुड़वाया जाए।

इस पूरे अभियान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वह संदेश है जो मायावती अपने कार्यकर्ताओं को दे रही हैं। वह लगातार बैठकों में इस बात का जिक्र कर रही हैं कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर काम करती है। समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच चल रही तकरार के बीच मायावती खुद को एक गंभीर और अनुशासित विकल्प के तौर पर पेश कर रही हैं। वह जानती हैं कि 2027 में सत्ता तक पहुंचने का रास्ता उन छोटी जातियों और समुदायों से होकर गुजरता है जो फिलहाल मुख्यधारा की राजनीति में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि उनके टिकट वितरण में इस बार जातियों की केमिस्ट्री पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है। एसआईआर अभियान से हुए नफे-नुकसान का आकलन कर उम्मीदवारों के चयन की यह पद्धति उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया प्रयोग है, जो यह दर्शाता है कि मायावती अब पुरानी शैली को आधुनिक चुनावी प्रबंधन के साथ जोड़ रही हैं।

हालांकि, राह इतनी आसान भी नहीं है। उत्तर प्रदेश में दलित वोटों के लिए भाजपा और सपा दोनों ने ही बड़ी सेंधमारी की है। चंद्रशेखर आजाद जैसे नए युवा चेहरों ने भी दलित राजनीति में अपनी जगह बनाई है। ऐसे में मायावती का पुराना 'सोशल इंजीनियरिंग' फॉर्मूला कितना कारगर होगा, यह बड़ा सवाल है। लेकिन मायावती का इतिहास रहा है कि वह जब भी खामोश होती हैं, तो किसी बड़े सियासी धमाके की तैयारी में होती हैं। उनके पास अपना एक समर्पित कैडर है जो आज भी उनके एक इशारे पर लामबंद हो जाता है। 2007 के करिश्मे को 2027 में दोहराने के लिए उन्होंने संगठन के ढांचे में बड़े बदलाव किए हैं और नए चेहरों को मौका दिया जा रहा है। ब्राह्मण और मुस्लिम उम्मीदवारों को बड़े पैमाने पर मैदान में उतारने की तैयारी यह संकेत देती है कि बसपा इस बार किसी भी हाल में चुनावी मुकाबले को दोतरफा नहीं होने देगी।

बहरहाल, 2027 का चुनाव बसपा के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है। मायावती की यह सूक्ष्म रणनीति, जिसमें बूथ लेवल की रिपोर्टिंग से लेकर जातीय समीकरणों का जटिल जाल बुना गया है, विपक्षी खेमों में हलचल पैदा करने के लिए काफी है। क्या मायावती फिर से वही पुराना जादू चला पाएंगी? क्या एसआईआर अभियान के जरिए तैयार की गई उम्मीदवारों की नई फौज बसपा की नैया पार लगा पाएगी? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब आने वाले समय की रैलियों और चुनावी माहौल में मिलेगा। फिलहाल तो हाथी अपनी मदमस्त चाल से अपनी मंजिल की ओर बढ़ता दिख रहा है, और मायावती की सोशल इंजीनियरिंग एक बार फिर यूपी की सियासत का सबसे चर्चित अध्याय बनने की ओर अग्रसर है। लखनऊ से लेकर दिल्ली तक जो बैठकों का दौर चल रहा है, उसका एक ही लक्ष्य है सत्ता के शिखर पर बसपा का दोबारा परचम लहराना।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 अप्रैल, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष अष्टमी, 19:27 तक, नक्षत्र : पुष्य, 20:16 तक, योग : शुला, 25:24 तक, सूर्योदय: 05:09, सूर्यास्त: 17:59, चन्द्रोदय : 11:26, चन्द्रास्त: 00:19, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 09:59 से 11:34

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा है, लेकिन संभाल लिया तो फायदा आपका ही होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में रुकावट आ सकती है। हर फैसला सोच-समझकर लें।

**वृष :** आज का दिन धैर्य और समझदारी का है। अपने कामों पर पूरा फोकस रखें और जल्दबाजी से बचें। आपकी मीठी वाणी ही आपको मान-सम्मान दिलाएगी।

**मिथुन :** आज का दिन नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का है। कुछ चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन आप अपनी समझदारी से उन्हें पार कर लेंगे। परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क :** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए शानदार दिन है। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और बॉस के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए नए अवसर लेकर आया है। कामकाज में सफलता मिलेगी और नई कोशिशें रंग लाएंगी। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की एंट्री हो सकती है।

**कन्या :** आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन ध्यान रखें। काम में लापरवाही नुकसान दे सकती है। फोकस बनाए रखना जरूरी है, तभी काम सही समय पर पूरे होंगे।

**तुला :** आज उन्नति के रास्ते खुल रहे हैं। जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज आपको खुश कर देगा। लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी रखें। खासकर किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें।

**वृश्चिक :** आज का दिन खुशी और समाधान लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में किसी जटिल काम को सुलझाने के लिए आपको अपने जूनियर्स की मदद लेनी पड़ेगी और सफलता भी मिलेगी।

**धनु :** आज नई जिम्मेदारियां आपका इंतजार कर रही हैं। परिवार में एकता बनी रहेगी, लेकिन भागदौड़ आपको थोड़ा थका सकती है। धीरे-धीरे तनाव कम होगा और आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे।

**मकर :** आज का दिन सोच-समझकर कदम उठाने का है। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी आ सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ :** आज आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता दोनों चरम पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी या पद मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई प्रॉपर्टी डील फाइनल कर सकते हैं।

**मीन :** आज आपको संतुलन बनाकर चलने की जरूरत है। आय तो अच्छी होगी, लेकिन खर्च भी तेजी से बढ़ सकते हैं। पिताजी की सेहत पर विशेष ध्यान दें।

## देश - विदेश

### ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर रहीं छोटी ईरानी नावों को नष्ट करने का आदेश दिया

**दुबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी सेना को होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने वाली छोटी ईरानी नावों को 'नष्ट करने' का आदेश दिया। ट्रंप का यह पोस्ट अमेरिकी सेना द्वारा ईरानी तेल की तस्करी से जुड़े एक और टैंकर को जब्त करने के तुरंत बाद आया, जिससे उस जलडमरूमध्य को लेकर तेहरान के साथ गतिरोध और बढ़ गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पोस्ट किया, 'मैंने अमेरिकी नौसेना को आदेश दिया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पानी में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव, चाहे वह छोटी ही क्यों न हो, को गोलीबारी कर नष्ट कर दिया जाए।' उन्होंने लिखा, 'किसी भी प्रकार की झिझक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा, हमारे बारूदी सुरंग हटाने वाले यंत्र इस समय जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं आदेश देता हूं कि यह कार्य जारी रखा जाए, लेकिन तीन गुना अधिक रफ्तार से।' ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से बारूदी सुरंगों को हटाने के प्रयास तेज कर रही है। यह कदम ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स द्वारा जलडमरूमध्य में तीन मालवाहक जहाजों पर हमला करने और उनमें से दो को अपने कब्जे में लेने के एक दिन बाद उठाया गया है।

### भारतीय मूल की सिंगापुरवासी महिला पर सोशल मीडिया पोस्ट में सुधार का आदेश नहीं मानने का आरोप

**सिंगापुर :** भारतीय मूल की एक मृत्युदंड विरोधी कार्यकर्ता पर बृहस्पतिवार को सिंगापुर की एक अदालत में 'ऑनलाइन झूठी सूचनाओं और हेरफेर से सुरक्षा अधिनियम' (पीओएफएमए) के तहत जारी सुधार निर्देश का पालन न करने का आरोप दर्ज किया गया है। 'चैनल न्यूज एशिया' के अनुसार, अदालती दस्तावेजों में अन्नामलाई कोकिला पार्वती के रूप में सूचीबद्ध कोकिला अन्नामलाई पर अक्टूबर 2024 में सोशल मीडिया पर की गईं कुछ पोस्ट के संबंध में आरोप लगाए गए हैं। ये पोस्ट एक व्यक्ति जिसे मृत्युदंड सुनाया गया है और उसके परिवार के अनुभवों के बारे में थीं।

## वर्ग पहेली नं. 3419



*बायें से दायें:-* 1) जलन, 2) कभी कभार, 4) इरादा, 6) सवाल, 7) नदियों का मिलाप, 8) घूँघट; मुखावरण, 9) ज़ख़्म, 10) एक जग-प्रसिद्ध गायिका, 12) अटूट क्रम में, 14) धरती, 16) शवाच्छादन, 17) अंधा व्यक्ति, 18) खटकना, 20) जानकारी, 23) घमंड़, 24) नोक, 25) पतली और कोमल वस्तु का हिलना, 26) लगाव; संबंध, 27) कुंजी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) विश्वसनीय, 2) उत्सव, 3) देखरेख, 4) सप्ताह का एक दिन, 5) संध्या, 6) बलवान, 11) टुकुर टुकुर देखना, 13) नवजात शिशु की माँ, 15) प्रतिष्ठा, 19) पूरा भरा हुआ, 20) जाँच, 21) प्रतिष्ठा; ठप्पा, 22) औंधा, 23) भोंदू, 24) उर्दू अक्षरों के साथ लगाई जानेवाली बिंदी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | ग | पु | र | ■ | अ | पा | हि | ज | ■ |
| वा | ■ | न | व | यु | व | क | ■ | ग | ज |
| जि | ग | रा | ■ | व | ध | ■ | मा | ■ | ल |
| ब | ■ | ग | ह | रा | ■ | वा | ह | वा | ही |
| ■ | स | म | ■ | ज | ग | ■ | वा | ■ | न |
| दा | वा | न | ल | ■ | ज़ | ह | री | ला | ■ |
| मो | ल | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | खें | पा |
| द | ■ | क | रा | ह | ■ | रो | गी | ■ | दु |
| र | ज़ा | ई | ■ | त | मी | ज़ | ■ | फी | का |

## सुडोकू-पहेली-3377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 3 | 8 | | |
| | | | 2 | | | | 1 | |
| | | 5 | 7 | 4 | | 2 | 9 | |
| 6 | | | | | | 7 | 4 | |
| 9 | | 3 | | | | | | 6 |
| | | | | | | | | |
| | 5 | 9 | | | | | 2 | |
| | | | | | | | | |
| | | 4 | | | 8 | | | 5 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3376 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 |

# खैराशोल में ईवीएम में गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय बलों पर पथराव



**बीरभूम :** बीरभूम जिले के खैयराशोल इलाके में गुरुवार को स्थानीय लोगों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह झड़प पहले चरण में मतदान के आखिरी घंटों के दौरान ईवीएम में खराबी के आरोपों के बाद पैदा हुए तनाव के कारण हुई। उन्होंने बताया कि घटना दुबराजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक मतदान केंद्र पर हुई, जहां मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद मतदान लगभग 30 मिनट के लिए रोक दिया गया और मतदान केंद्र के बाहर प्रदर्शन शुरू हो गया। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सीआरपीएफ जवानों पर पत्थर फेंके गए, जिसके बाद उन्हें हालात काबू में करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस घटना में केंद्रीय बलों के कई जवान घायल हो गए, और पुलिस का एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान फिर से शुरू किया गया और अब हालात पूरी तरह काबू में हैं।

### लाभपुर में भाजपा के बूथ एजेंट पर हमला, कार क्षतिग्रस्त



पहले चरण के मतदान दौरान जिले के लाभपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार देबाशीष ओझा के चुनाव एजेंट बिश्वजीत मंडल पर कथित तौर पर हमला किया गया। मंडल ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि भोमोर गांव के बूथ नंबर 68 पर कथित रूप से बूथ कैप्चरिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं एक चुनाव एजेंट हूं। कुछ लोगों ने हमें बूथ पर कब्जे की शिकायत की थी। जब मैं लौट रहा था, तभी रास्ते में मुझ पर हमला किया गया। बूथ करीब 100 मीटर दूर था। उन्होंने मुझे चारों ओर से घेर लिया। मेरी जेब में कांच के टुकड़े थे, उन्होंने पूरी कार तोड़ दी। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावर कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता थे। इस हमले में उनके सिर पर चोट आई और खून बहने लगा। इस घटना का चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है।

## अमित शाह ने साल्टलेक में 'रणनीति कक्ष' का दौरा कर चुनावी गतिविधियों की निगरानी की



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सॉल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के 'रणनीति कक्ष' का दौरा किया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य में पार्टी के चुनाव प्रचार की बारीकी से निगरानी कर रहे शाह सुबह 'रणनीति कक्ष' पहुंचे और जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया, विशेष रूप से उत्तरी बंगाल के उन जिलों में जहां भाजपा अपना गढ़ बरकरार रखना चाहती है। उन्होंने मतदान प्रतिशत और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की रिपोर्ट के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं की भी समीक्षा की।

### ममता ने कालीघाट से वॉर रूम संभाला

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शहर के केंद्र कालीघाट से चुनावी गतिविधियों की मानिटरिंग कर रही थीं। ममता बनर्जी के साथ उनके भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी मौजूद थे। सुबह से ही कालीघाट, जो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का प्रमुख राजनीतिक केंद्र है, एक कमांड हब में तब्दील हो गया। ममता और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिलों से आ रही रिपोर्ट और किसी भी गड़बड़ी के संकेतों पर लगातार नजर बनाए हुए थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही थी और जिला स्तर के नेताओं को लगातार निर्देश दिए जा रहे थे।

### मतदान के बीच मुर्शिदाबाद में बवाल, तृणमूल और एजेयूपी के समर्थकों में झड़प

## नोउदा में हुमायूं कबीर को झेलना पड़ा विरोध, लगे 'चोर-चोर' के नारे



**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के नोउदा इलाके में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच झड़पें हुईं जिसके बाद पुलिस और केंद्रीय बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। बताया गया कि गुरुवार को हुमायूं कबीर मतदान का जायजा लेने नाओदा थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव स्थित 173 नंबर बूथ पर पहुंचे थे। उसी दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें घेर लिया और 'गो बैक' तथा 'चोर-चोर' के नारे लगाने शुरू कर दिए। कुछ लोगों को 'बीजेपी का दलाल' जैसे नारे लगाते हुए भी देखा गया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब हुमायूं कबीर अपना आपा खो बैठे और प्रदर्शनकारियों की ओर बढ़ गए। इसके बाद, दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई की स्थिति बन गई, जिससे माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। तृणमूल समर्थकों ने इसके विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया, नारे लगाए और कबीर के वाहन को घेर लिया तथा उन्हें 'भाजपा का एजेंट' करार दिया। विरोधी गुटों ने कथित तौर पर पत्थर और ईंटें फेंकीं जिससे स्थिति और बिगड़ गई तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई। झड़पों में कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

कबीर ने सत्तारूढ़ पार्टी पर मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी कदाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता, 'पुलिस के साथ मिलकर' बीती रात से ही धमकियां और प्रलोभन देकर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने चाहिए, लेकिन मतदान केंद्रों के बाहर लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पार्टी उम्मीदवार शाहिना मुमताज खान ने हिंसा की निंदा करते हुए इसे 'बेहद बुरी घटना' बताया।

### डोमकल में मतदाताओं को धमकाने का आरोप, चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

पहले चरण के दौरान गुरुवार को जिले के डोमकल क्षेत्र में कई लोगों को मतदान से रोकने के आरोपों पर निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। डोमकल के कई मतदाताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें धमकाया गया और डराया गया। कुछ लोगों ने दावा किया कि मतदान केंद्र जाने की कोशिश करने पर उनके साथ मारपीट की चेतावनी दी गई। डोमकल विधानसभा क्षेत्र के रायपुर गांव में कई लोगों ने दावा किया कि सुबह से ही इलाके में हथियारबंद लोग मौजूद थे, जिससे भय का माहौल बना हुआ था। ये आरोप सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर लगाए गए। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सुबह के समय इलाके में न तो स्थानीय पुलिस और न ही केंद्रीय बल दिखाई दिए। हालांकि, बाद में, बड़ी संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय बलों के पहुंचने के बाद स्थिति में सुधार हुआ। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने डोमकल में मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोपों पर रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने बताया कि बाद में मतदाताओं को सुरक्षा घेरे में मतदान केंद्रों तक पहुंचाया गया और मतदान व्यवस्थित ढंग से फिर शुरू हुआ।

### भरतपुर में बूथों पर हंगामा एवं बहरमपुर में ईवीएम खराब, कांग्रेस ने दोबारा मतदान की मांग की

मुर्शिदाबाद जिले के कई इलाकों में मतदान के बीच अव्यवस्था और तनाव की खबरें सामने आई हैं। खासकर, भरतपुर और बहरमपुर क्षेत्रों में स्थिति को लेकर विपक्ष ने गंभीर सवाल उठाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, भरतपुर के कई मतदान केंद्रों पर हंगामे और गड़बड़ी की शिकायतें मिलीं। वहीं, बहरमपुर में कई बूथों पर ईवीएम खराब होने के कारण मतदान प्रक्रिया बाधित हुई। इससे लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग बिना वोट डाले लौटने को मजबूर हुए। कांग्रेस नेताओं ने इन घटनाओं को गंभीर बताते हुए आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से नहीं हो रही है। पार्टी की ओर से चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से शिकायत दर्ज कराई गई है और प्रभावित बूथों पर पुनर्मतदान (री-पोल) की मांग की गई है। कांग्रेस का कहना है कि जहां-जहां ईवीएम में खराबी और गड़बड़ी हुई है, वहां निष्पक्ष मतदान संभव नहीं हो पाया, इसलिए दोबारा मतदान कराना जरूरी है। इस बीच, चुनाव आयोग ने शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए रिपोर्ट तलब की है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कुमारग्राम के भाजपा उम्मीदवार पर हमला, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



**दक्षिण दिनाजपुर :** भाजपा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान कुमारगंज विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार शुभेंदु सरकार के साथ तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने मारपीट की। भाजपा के एक स्थानीय नेता ने बताया कि मतदान केंद्र के पास टीएमसी समर्थकों द्वारा कथित तौर पर हंगामा किये जाने की सूचना मिलने के बाद जब सरकार मौके पर जा रहे थे तभी उन्हें पीटा गया। उन्होंने कहा कि पार्टी के उम्मीदवार पर उस समय हमला किया गया, जब वह मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे। संबंधित मतदान केंद्र एक स्कूल परिसर में बनाया गया है। शुभेंदु सरकार को जान बचाने के लिए मौके से भागना पड़ा, उनके साथ महज एक सुरक्षा कर्मी था। बाद में, उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें गुंडों ने घेर लिया और मारपीट की। उन्होंने बताया कि घटना के समय मुझे वहां केंद्रीय बल का कोई भी जवान नजर नहीं आया।

## आसनसोल : रहमतनगर में अग्निमित्रा पाल के वाहन पर हमला, हीरापुर थाने में दर्ज कराई शिकायत




**आसनसोल :** चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बीच भीड़ ने आसनसोल दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल को कार को निशाना बनाया। उनकी कार पर ईंटें और पत्थर फेंके गए, जिससे खिड़कियां टूट गईं। कार पर हुए हमले के बाद अग्निमित्रा पॉल ने बताया कि वे रहमतनगर इलाके में गई थीं। वहां पीछे से कार पर पत्थर फेंके गए, जिससे शीशा टूट गया। उन्होंने कहा कि रहमत नगर में वहां निरीक्षण करने के बाद हम पास की ही एक दूसरी इमारत (रहमत नगर हाई स्कूल) में गए। वहां भी हमारा निरीक्षण पूरा हो गया था। जब हम कार में बैठकर बाहर निकले, तो पीछे से हम पर पत्थर फेंके गए, जिससे कार का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा पॉल ने आगे कहा कि हर चुनाव में तृणमूल यही करती है। यह हरकत तृणमूल ने ही की है। साल 2022 में जब उपचुनाव हुए थे, तब भी इसी तरह पत्थरबाजी की गई थी और कार को नुकसान पहुंचाया गया था। भाजपा प्रत्याशी ने यह भी बताया कि वे फिर से उस इलाके में जाएंगी, जहां कार पर हमला हुआ। इस दौरान, टीएमसी पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि मुसलमान उनकी निजी संपत्ति हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। मुसलमानों पर भाजपा का भी अधिकार है, क्योंकि वे मेरे भाई हैं। इसलिए टीएमसी की कोई चाल नहीं चलेगी। भाजपा उम्मीदवार ने हमले की शिकायत हीरापुर पुलिस थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## माथाभांगा : भाजपा प्रत्याशी निशीथ प्रमाणिक को घेरकर तृणमूल का प्रदर्शन




**कूचबिहार :** मतदान के दिन घोजाडांगा चाय बागान क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक को तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। यह घटना माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र के घोजाडांगाचाय बागान इलाके में 2/48 नंबर बूथ के पास हुई। जैसे ही निशीथ प्रमाणिक वहां पहुंचे, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और आरोप लगाया कि वे मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं का दावा है कि भाजपा प्रत्याशी गुप्त रूप से वोटरों के बीच पैसे बांट रहे थे। यह खबर फैलते ही इलाके में 'जय बंगला' और 'गो बैक' के नारे गूंजने लगे। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और झड़प की नौबत आ गई। लाठी-डंडों के साथ आमने-सामने आने से माहौल और भी तनावपूर्ण हो गया। हालांकि, निशीथ प्रमाणिक ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तृणमूल अपनी हार तय मानकर झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा मुझ पर हमला करवाने की साजिश रची जा रही थी। स्थिति को काबू में करने के लिए भारी पुलिस बल और केंद्रीय सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को अलग कर हालात को नियंत्रित किया गया। भाजपा प्रत्याशी को कड़ी सुरक्षा में वहां से बाहर निकाला गया।

## वक्फ अधिनियम विरोधी हिंसा के शिकार हरगोबिंद दास की पत्नी ने किया मतदान



**❑ बोलीं... 'पति की मौत का न्याय चाहिए'**

**मुर्शिदाबाद :** विधानसभा चुनाव के दौरान मुर्शिदाबाद जिले के नोउदा इलाके से एक भावनात्मक तस्वीर सामने आई। वक्फ हिंसा में मारे गए हरगोबिंद दास की पत्नी मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचीं और वोट डालने के बाद न्याय की मांग उठाई। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके पति की हत्या के मामले में अभी तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। वोट देने के बाद उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी सबसे बड़ी मांग है कि पति की मौत का न्याय।

## विधानसभा चुनाव : प्रमुख नेताओं ने डाला वोट, शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील की





**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की। इन नेताओं में राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, भाजपा के दिलीप घोष, कांग्रेस की मौसम बेनजीर नूर और तृणमूल कांग्रेस के उदयन गुहा शामिल हैं।

**❑ शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में डाला वोट, लोगों से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की**

जिले में शुभेंदु अधिकारी ने सुबह 8 बजे से पहले कांथी स्थित अपने शांति कुंज आवास के पास नंदनायकबार प्राथमिक विद्यालय में मतदान किया। मतदान के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए नंदीग्राम सीट से चुनाव लड़ रहे शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रार्थना करता हूं। वे (टीएमसी) ज्यादा अशांति नहीं फैला सके और आगे भी नहीं फैला पाएंगे। मतदान से पहले की रात अहम होती है। प्रथम दृष्टया निर्वाचन आयोग और केंद्रीय बल बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य प्रणाम के बाद मैंने आकर मतदान किया। यह वोट दोहरा महत्व रखता है, क्योंकि महिलाएं, सनातनी हिंदू और अन्य राष्ट्रवादी समुदाय ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के अत्याचारों का जवाब देने के लिए एकजुट हैं। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि मतदाता सूची से मृत और फर्जी मतदाताओं के नाम हटाए जाने के कारण परिणाम भाजपा के पक्ष में होगा।

**❑ भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल ने डाला वोट, जताई गड़बड़ी की आशंका**

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल ने गुरुवार की सुबह अपना मतदान किया। उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) परिसर स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5:45 बजे घर से मतदान के लिए निकलते समय उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मतदान शांतिपूर्ण होने की संभावना है, लेकिन उन्हें आशंका है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस 'लोड शेडिंग' कराकर छापामारी वोटिंग कराने की कोशिश कर सकती है। मतदान करने के बाद, मीडिया से मुखातिब होते हुए अग्निमित्रा पाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव काफी शांतिपूर्ण ढंग से कराया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने फिर दोहराया कि 'लोड शेडिंग' को लेकर उन्हें चिंता है, क्योंकि इसके जरिए कैमरे बंद कर फर्जी मतदान कराने की कोशिश की जा सकती है।

**❑ भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष एवं कांग्रेस उम्मीदवार मौसम नूर ने किया मतदान**

पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर सदर में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने सेरोसा स्टेडियम स्थित बूथ संख्या 263 पर वोट डाला। घोष ने कहा कि लोग शांतिपूर्वक मतदान कर रहे हैं। स्थिति सामान्य है। मालतीपुर से कांग्रेस उम्मीदवार मौसम नूर ने कहा कि हम सब मिलकर मतदान कर रहे हैं। मुझे खबर मिल रही है कि सब कुछ शांतिपूर्ण है। उम्मीद है कि लोग स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

**❑ 'एसआईआर के खिलाफ लोगों को मतादन', उदयन गुहा ने मतदान के बाद कहा**

दिनहाटा से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और राज्य मंत्री उदयन गुहा ने कहा कि उनकी पार्टी शांतिपूर्ण चुनाव चाहती है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो। लोग सुबह से ही मतदान केंद्रों पर उत्साह के साथ कतार में खड़े हैं। गुहा ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भाजपा ने लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाकर उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित किया है।

**❑ 'लोग उत्साह के साथ मतदान कर रहे हैं', निशीथ प्रमाणिक ने मतदान के बाद कहा**

माथाभांगा से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने कहा कि लोग उत्साह के साथ मतदान कर रहे हैं क्योंकि बंगाल 'परिवर्तन' के नए दौर का स्वागत करने के लिए तैयार है। छोटे-छोटे जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान हमें यह संदेश मिला कि लोग बदलाव चाहते हैं और उसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में प्रवासी मजदूर भी शामिल हैं, जो ट्रेन से उतरकर सीधे मतदान करने पहुंच रहे हैं और 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे हैं। लोग 'राम राज्य' चाहते हैं।

**❑ 'काफी हद तक शांतिपूर्ण मतदान', सुकांत मजूमदार ने परिवार के साथ किया मतदान एवं निर्वाचन आयोग की सराहना**

केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गुरुवार को मतदान के शुरुआती घंटों के दौरान 'काफी हद तक शांतिपूर्ण' मतदान के लिए निर्वाचन आयोग की सराहना की और शेष दिन के लिए भी हिंसा-मुक्त माहौल सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मजूमदार ने अपने परिवार के साथ दक्षिण दिनाजपुर जिले में बूथ संख्या 48 पर मतदान किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मैं अब तक शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग को बधाई देना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह दिन के बाकी हिस्से में भी इसी तरह सतर्कता बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से छिटपुट हिंसा की खबरें मिली हैं और कल रात मुर्शिदाबाद के डोमकल इलाके में एक बम विस्फोट हुआ। मेरा मानना है कि निर्वाचन आयोग को मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए, जहां चुनाव के दौरान हथियारों और बमों के इस्तेमाल का इतिहास रहा है।

## अधिक मतदान ममता के जोरदार समर्थन का संकेत, पहले चरण में 125-134 सीट मिलेगी : तृणमूल कांग्रेस



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे का खंडन किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में भारी मतदान 'परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश' का संकेत है। तृणमूल ने दावा किया कि इसके बजाय यह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार के विकास कार्यों के लिए जोरदार समर्थन को प्रदर्शित करता है। मोदी के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए, तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि मतदान प्रतिशत में हुई वृद्धि 'सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में निर्णायक रूप से गई है' और यह भाजपा को स्पष्ट रूप से खारिज किये जाने का संकेत है। कुणाल घोष ने शाम 5 बजे तक करीब 90 प्रतिशत मतदान होने का उल्लेख करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा भारी मतदान को ठीक से नहीं समझ पा रही है। यह बदलाव के लिए वोट नहीं है, बल्कि (ममता) बनर्जी के शासन का जोरदार समर्थन है। बंगाल की जनता ने पहले चरण में ही भाजपा की कमर तोड़ दी है। चुनाव में तृणमूल के शानदार प्रदर्शन करने का अनुमान जताते हुए, घोष ने दावा किया कि प्रथम चरण के तहत जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ है, पार्टी उनमें से कम से कम 125 सीटें जीतेगी, जो बढ़कर 132-134 तक भी जा सकती हैं। घोष ने तर्क दिया कि मतदान प्रतिशत अधिक रहने से तृणमूल को अधिक सीटें मिलेंगी और उन्होंने सत्ता-विरोधी लहर होने के विपक्ष के विमर्श को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत जितना बढ़ेगा, तृणमूल को उतनी ही अधिक सीटें मिलेंगी। भाजपा का मनोबल पूरी तरह से गिर चुका है, और इसलिए वे बदलाव का यह झूठा विमर्श गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने सहित मतदाता सूचियों में सुधार के कारण मतदान में वृद्धि अपेक्षित थी। घोष ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी पर निशाना साधते हुए नंदीग्राम के संदर्भ में दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस इस हाई प्रोफाइल सीट पर निर्णायक जीत हासिल करने वाली है। उन्होंने कहा कि नंदीग्राम-1 से मिल रही रिपोर्ट से हमारे उम्मीदवार को भारी बढ़त का संकेत मिल रहा है, जबकि नंदीग्राम-2 में भाजपा ने लगभग हार मान ली है। उसका उम्मीदवार काफी दबाव में है, जो अब साफ दिखाई दे रहा है।

अपनी पार्टी के रुख का समर्थन करते हुए, राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने कहा कि अधिक मतदान होने का मतलब यह नहीं है कि सत्ता परिवर्तन होगा और उन्होंने पिछले चुनावी रुझानों का हवाला दिया। बसु ने कहा कि बिहार में हमने ऐसा ही पैटर्न देखा, जहां मतदान प्रतिशत में काफी वृद्धि हुई, लेकिन सरकार नहीं बदली। बंगाल में भी यही रुझान दिख रहा है। उन्होंने महिला मतदाताओं की भारी भागीदारी को भी निर्णायक कारक बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी ममता पर उनके भरोसे और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव को दर्शाती है। यह समर्थन सभी वर्गों से मिल रहा है।

---

**❑ तृणमूल कांग्रेस ने नंदीग्राम में पुलिस पर भाजपा के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया**

तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को नंदीग्राम में पुलिस पर भाजपा के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया। राज्य मंत्री शशि पांजा ने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में तैनात पुलिसकर्मी भाजपा के पक्ष में काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से मुलाकात की और औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें दो पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से हटाने का आग्रह किया गया। राज्य मंत्री ने दावा किया कि इन अधिकारियों की उपस्थिति मतदान प्रक्रिया में निष्पक्षता को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर रही है।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने राज्य के सीईओ को फोन कर मतदान की जानकारी ली

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को फोन कर विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान के मद्देनजर जमीनी हालात की जानकारी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान कुमार ने राज्य के सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल से कहा कि मतदान 'अच्छी तरह से चल रहा है', लेकिन सुधार की गुंजाइश है।

### बूथ खाली कर भोजन करने गए कर्मचारी, पीठासीन अधिकारी सहित सभी मतदान कर्मी निलंबित

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मतदान के बीच पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पिंगला विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र में लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि दोपहर के समय प्रिसाइडिंग ऑफिसर समेत सभी चुनाव कर्मचारी बूथ खाली छोड़कर खाना खाने चले गए। जानकारी के मुताबिक, पिंगला विधानसभा के नौ नंबर बूथ पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी लाइन लगी हुई थी। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, वोटरों की भीड़ भी बढ़ने लगी। इसी बीच, आरोप है कि प्रिसाइडिंग ऑफिसर मतदान केंद्र छोड़कर भोजन करने चले गए और उनके साथ अन्य मतदान अधिकारी भी चले गए। उस समय बूथ पर सेक्टर ऑफिसर भी मौजूद नहीं थे। जब सुरक्षा कर्मियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अधिकारी बाहर गए हैं और बाद में आएंगे। इस घटना से इलाके में काफी हंगामा और चर्चा शुरू हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई की। आयोग ने बूथ के प्रिसाइडिंग ऑफिसर समेत सभी मतदान कर्मियों को निलंबित कर दिया और पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही, रिजर्व पोलिंग पार्टी को मतदान प्रक्रिया संभालने का निर्देश दिया गया है।

# चार मई तृणमूल की समाप्ति तिथि, बंगाल में भारी मतदान से सत्ता परिवर्तन के संकेत : पीएम मोदी



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चार मई को मतगणना वाला दिन बंगाल में 'टीएमसी की 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और महाजंगल राज' की 'समाप्ति' का दिन होगा। मोदी ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काकद्वीप स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस के 'भय' का शासन भाजपा द्वारा किए गए 'भरोसे' के वादे से निश्चित रूप से पराजित हो रहा है। मोदी ने कहा कि बंगाल में एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ रिश्वत के बिना काम होता हो, जहाँ टीएमसी के सिंडिकेट और उनके बिचौलिए कमीशन न लेते हों। 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और टीएमसी का 'महाजंगल राज' चार मई को समाप्त हो रहा है। ममता बनर्जी सरकार को 'झूठे वादे करने और लोगों को धोखा देने' के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा किए गए 'टूटे वादों' की एक सूची गिनाई। मोदी ने कहा कि मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाले पुल का निर्माण, जहां गंगासागर मेला आयोजित होता है, अभी तक शुरू नहीं हुआ है, और लोगों को अभी तक नौकाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, बाढ़ नियंत्रण हेतु घाटाल मास्टर प्लान भी शुरू ही नहीं हो पाया है, और ज़िला-आधारित फूड पार्क तथा नदी तट कटाव से निपटने की परियोजनाएँ भी अभी तक साकार नहीं हो पाई हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी ''न केवल केंद्रीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन को रोकती है, बल्कि विकास परियोजनाओं के लिए केंद्र द्वारा आवंटित धन को भी हड़प लेती है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री होने पर ही इसे रोका जा सकता है। मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह लोकसभा में 2029 में विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के उनकी सरकार के प्रयासों को विफल करने के लिए ''कांग्रेस के साथ मिलीभगत'' कर रही है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के बाद दक्षिण बंगाल के समुद्र-तटीय क्षेत्र के मछुआरों को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें मछली उत्पादन और निर्यात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि भाजपा ने देश के स्थानीय संसाधनों का दोहन करने वाले और देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले घुसपैठियों के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि वे (घुसपैठिए) इस क्षेत्र में समुद्री मार्गों से भी देश में घुसपैठ कर रहे हैं और यहां बसने के लिए टीएमसी का संरक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## ममता ने भवानीपुर में किया रोड शो



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो का नेतृत्व किया। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम समेत तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता, उनके कालीघाट स्थित आवास के निकट एक किलोमीटर लंबे रोड शो में शामिल हुए। सड़क के दोनों ओर लोग कतार में खड़े थे। ममता ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया और उनसे बातचीत करने के लिए वह जगह-जगह रुकीं। तृणमूल कांग्रेस के झंडे, नीले और सफेद गुब्बारे, पोस्टर और बैनर उन सड़कों पर बिखरे हुए थे जिनसे होकर रोड शो गुजर रहा था। कई लोग अपने घरों की छतों और छज्जों पर भी खड़े थे, जहां मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया।

## हावड़ा के सभी बूथ संवेदनशील घोषित, 29 अप्रैल के मतदान से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए दोगुनी सीसीटीवी व्यवस्था

**हावड़ा :** हावड़ा जिले में दूसरे चरण के मतदान को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक और कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। आयोग ने जिले के सभी 4,518 बूथों को संवेदनशील घोषित करते हुए निगरानी व्यवस्था को पहले से अधिक सशक्त किया है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, 29 अप्रैल को होने वाले मतदान के दौरान हावड़ा जिले के सभी बूथों पर करीब 10,000 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सामान्य संवेदनशील बूथों के अंदर और बाहर एक-एक कैमरा लगाया जाएगा, जबकि अति संवेदनशील बूथों के बाहर दो और अंदर एक कैमरा तैनात रहेगा।

जिला चुनाव कार्यालय के मुताबिक, अधिकांश बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और बाकी कार्य तेजी से अंतिम चरण में है। मतदान से एक दिन पहले जब मतदान कर्मी बूथों पर पहुंचेंगे, उसी समय से कैमरों के जरिए निगरानी शुरू हो जाएगी, जो मतदान समाप्त होने तक लगातार जारी रहेगी। आयोग ने इस बार सभी बूथों को संवेदनशील श्रेणी में रखा है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। बूथों के भीतर ही नहीं, बल्कि बाहरी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए भी अलग से कैमरे लगाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को तुरंत रोका जा सके।

उल्लेखनीय है कि पहले चरण का मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा है, लेकिन दूसरे चरण में कोलकाता समेत कई महत्वपूर्ण सीटों पर मतदान होना है, जिसके चलते आयोग कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। इसी के मद्देनजर सुरक्षा और निगरानी को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाया गया है। चुनाव आयोग का मानना है कि इन कड़े कदमों से मतदान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और निष्पक्ष बनेगी।

## पहले चरण के मतदान के दौरान कई जगहों पर ईवीएम में तकनीकी खराबी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान गुरुवार को कुछ स्थानों पर ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण मतदान बाधित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुर्शिदाबाद जिले में बेलडांगा विधानसभा क्षेत्र के पारसालिका मदनमोहन प्राथमिक विद्यालय के बूथ नंबर 156 पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में खराबी आने के बाद मतदान रोक दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि शमशेरगंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 212 पर भी इसी तरह की समस्याओं के कारण मतदान समय पर शुरू नहीं हो सका। कांदी के बूथ नंबर 130 पर भी मतदान में देरी हुई। पूर्व मेदिनीपुर में नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र के बिरुलिया में एक ईवीएम में खराबी की सूचना मिली। कूचबिहार में टाउन हाई स्कूल के बूथ नंबर 229 पर मतदान लगभग एक घंटे तक स्थगित रहा, जिसके बाद इसे फिर शुरू किया गया। मालदह जिले के हबीबपुर निर्वाचन क्षेत्र के बूथ नंबर 231 पर भी मतदान में देरी हुई। दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी में मार्गरेट स्कूल स्थित बूथ संख्या 26/31 पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान समय पर शुरू नहीं हो सका।

## उलूबेरिया में भाजपा की जीत पक्की : हिमंता बिस्वा सरमा



**हावड़ा, समाज्ञा :** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को हावड़ा के उलूबेरिया में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। सीएम सरमा ने जनसभा में दावा किया कि दक्षिण उलूबेरिया से भाजपा उम्मीदवार स्वामी मंगलानंद पुरी महाराज मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और उनकी जीत तय है। उन्होंने कहा कि यहां 'मंत्री भी हारेंगे और संत्री भी हारेंगे', भाजपा जीतेगी। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम सरमा ने कहा कि स्वामी जी जीतेंगे या नहीं? क्या वे जरूर जीतेंगे? अगर हां, तो मेरे साथ कहिए, भारत माता की जय। उन्होंने कहा कि इस बार बदलाव जरूरी है और उन्हें पूरा विश्वास है कि भाजपा उम्मीदवार 100 प्रतिशत जीत हासिल करेंगे। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि सुबह से जो भी जानकारी मिल रही है, उसमें एक ही बात सामने आ रही है कि इस बार लोग बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं। सीएम सरमा ने कहा कि अगर हमने अब इन्हें नहीं हटाया, तो 20 साल बाद ये हमें हटा देंगे। उन्होंने बांग्लादेश की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि छह महीने पहले वहां हिंदुओं के साथ क्या हुआ, इसे याद रखना चाहिए। सीएम सरमा ने इस चुनाव को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक चुनाव नहीं, बल्कि 'जीने और मरने' का चुनाव है। उन्होंने कहा कि बहुत समय बाद पश्चिम बंगाल में परिवर्तन का माहौल बना है और अब ऐसी सरकार बनानी है जो सनातन और हिंदू समाज का सम्मान करे।




अलीपुरद्वार ज़िले में मॉडल मतदान केंद्र में मतदान के बाद फोटो खींचवाती महिला मतदाताएं

### मतदान के बीच तीन अलग-अलग जिलों में तीन मौतें

## सामसी में हृदयाघात से महिला मतदाता की मौत



**मालदह :** लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने निकली एक महिला मतदाता की मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। मालतीपुर विधानसभा के कांडारण इलाके में गुरुवार को वोट देने पहुंची प्रमिला बागदी (47) की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। परिवार के अनुसार, प्रमिला बागदी सुबह करीब 11 बजे वोट डालने के उत्साह के साथ घर से निकली थी। कांडारण जूनियर हाई स्कूल स्थित 152 नंबर बूथ पर पहुंचने के बाद, वोट डालने से पहले ही उन्हें अचानक चक्कर आया और वे गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए सामसी अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मृतका के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी।

### केशपुर में वोट देकर लौटते समय महिला की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशपुर विधानसभा क्षेत्र के दीघा बूथ पर वोट देने आई एक महिला मतदाता की मतदान के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतका की पहचान इसरातन बीबी (50) के रूप में हुई है, जो केशपुर के सीमागेरिया इलाके की रहने वाली थीं। मिली जानकारी के मुताबिक, वह सुबह मतदान करने बूथ पहुंची थीं। वोट देकर बाहर निकलने के कुछ देर बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके की तृणमूल उम्मीदवार शिउली साहा मृतका के घर पहुंचीं और परिवार को सांत्वना दी।

### पटाशपुर में मतदाता की गई जान

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के पटाशपुर में भी मतदान के दौरान एक मतदाता की मौत हो गई। बामनबाड़ जूनियर हाई स्कूल के 234 नंबर बूथ पर वोट देने आए नृपेंद्रनाथ दास (58) की कथित तौर पर गर्मी और तबीयत खराब होने के कारण मौत हो गई। इस घटना पर तृणमूल उम्मीदवार पीयूषकांति पांडा और भाजपा उम्मीदवार तपन माइती ने दुःख जताया है। भाजपा उम्मीदवार तपन माइती मृतक के घर जाकर परिवार से मिले और शोक व्यक्त किया।



पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर ज़िले की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर अपना वोट डालने के बाद, पहली बार वोट डालने वाले मतदाता अपनी उंगलियों पर लगी स्याही दिखाते हुए।



राज्य के सीईओ मनोज अग्रवाल इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से वेब कास्टिंग और मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए पूरे चुनावी घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए

### 'सिर्फ बिहारी बाबू ही नहीं, मैं बंगाली बाबू भी हूं', आसनसोल में पहली बार मतदान के बाद बोले शत्रुघ्न सिन्हा

**आसनसोल :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने गुरुवार को विधानसभा चुनावों के पहले चरण में अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि वे पहली बार पश्चिम बंगाल के आसनसोल में अपना वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही, शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद को 'बिहारी बाबू' के बाद बंगाली बाबू' बताया। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने आसनसोल उत्तर के रवींद्र भवन में अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां पहली बार वोट डालने आया हूं। बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अपने अधिकार का इस्तेमाल करने और एक वोटर के तौर पर अपने कर्तव्य को पूरा कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं सिर्फ 'बिहारी बाबू' ही नहीं हूं, मैं एक 'बंगाली बाबू' भी हूं और सच कहूं तो मैं एक 'हिंदुस्तानी बाबू' हूं। वोट डालना एक राष्ट्रीय कर्तव्य है। मैंने हमेशा इसे निभाया है और आगे भी निभाता रहूंगा।

## झाड़ग्राम : मतदान के बीच बूथ पर आया 'रामलाल', मतदान प्रक्रिया कुछ देर रुकी



**झाड़ग्राम :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बीच झाड़ग्राम में गुरुवार की सुबह एक अनोखा नजारा देखने को मिला। इलाके का चर्चित हाथी रामलाल अचानक एक मतदान केंद्र के पास पहुंच गया। जानकारी के अनुसार, झाड़ग्राम के जितुशोल आंशिक बुनियादी विद्यालय स्थित मतदान केंद्र के सामने सुबह रामलाल को टहलते हुए देखा गया। हाथी को देखते ही वहां मौजूद मतदाताओं और स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। कई लोगों ने मोबाइल से उसकी फोटो ली और वीडियो भी बनाए। हालांकि, लोगों की भीड़ और हलचल के बावजूद हाथी आराम से इधर-उधर घूमता रहा। उसे हटाने के लिए पाइप से पानी छिड़क कर भगाने की कोशिश भी की गई, लेकिन उसका ज्यादा असर नहीं हुआ। कुछ देर तक वह सड़क पर घूमता रहा और यहां-वहां पड़े प्लास्टिक के बीच खाने की चीजें तलाशता दिखा। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने हाथी को सुरक्षित तरीके से वहां से हटाकर जंगल की ओर भेज दिया।

## मतदान के बीच आरपीएफ का सेवा भाव, बुजुर्गों की मदद कर पेश की मानवता की मिसाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के पहले चरण के मतदान के दौरान जहां एक ओर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना बड़ी जिम्मेदारी थी, वहीं पूर्वी रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने अपने मानवीय और संवेदनशील व्यवहार से लोगों का दिल जीत लिया। मतदान के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जहां बुजुर्ग और असहाय मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ थे। ऐसे में आरपीएफ के जवानों ने आगे बढ़कर उनकी मदद की। कई स्थानों पर जवानों ने बुजुर्ग महिलाओं को गोद में उठाकर या सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

94 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला, जिनका नाम गोपनीय रखा गया है, ने भावुक होकर बताया कि जब वह चलने में असमर्थ थीं, तब एक जवान ने उन्हें अपनी मां की तरह उठाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया। आम तौर पर रेलवे ट्रैक और ट्रेनों की सुरक्षा में तैनात रहने वाली आरपीएफ ने इस बार चुनावी ड्यूटी में अपना एक अलग मानवीय रूप दिखाया। कठिन रास्तों और सीढ़ियों के बीच जवानों ने बेहद संवेदनशीलता के साथ बुजुर्गों की सहायता की और उनके सम्मान की रक्षा की।

पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिया नंदन सिन्हा के नेतृत्व में आरपीएफ लगातार अपने कर्तव्यों के साथ-साथ मानवीय सेवा को भी प्राथमिकता दे रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा, हमारे आरपीएफ कर्मियों को संवेदनशीलता के साथ सेवा करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। चाहे यात्रियों की सुरक्षा हो या मतदान केंद्र पर वरिष्ठ नागरिकों की मदद, उनके लिए मानवता सर्वोपरि है। हमें उनके समर्पण पर गर्व है।



अलीपुरद्वार जिले के बक्सा फोर्ट स्थित एक मतदान केंद्र पर मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से चली

# पहले चरण में ही तृणमूल कांग्रेस का सूपड़ा साफ : अमित शाह

❑ **कहा.. 'घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे, बंगाल को मुक्त करेंगे'**

**हुगली, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पश्चिम बंगाल में 'एक भी घुसपैठिये को' घुसने नहीं दिया जाएगा और यहां पहले से मौजूद अवैध प्रवासियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। हुगली जिले के बालागढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए तैयार है। शाह ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान लगभग समाप्त हो चुका है और यह बंगाल में मेरा 30वां कार्यक्रम है। पांच मई को दीदी का खेल खत्म हो जाएगा। बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। शाह ने यह आरोप लगाया कि घुसपैठ से राज्य की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए बंगाल के युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं, गरीबों का राशन खा रहे हैं और देश की सुरक्षा को कमजोर कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने उस पर 'सिंडिकेट राज' को बढ़ावा देने और लोगों पर 'भाईपो टैक्स' का बोझ डालने का आरोप लगाया। उनका यह बयान ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर एक कटाक्ष था। उन्होंने कहा कि बंगाली लोगों को टीएमसी के गिरोह को 'भाईपो' कर देना पड़ता है। सीमेंट खरीदने के लिए भी लोगों को यह कर चुकाना पड़ता है। ममता सरकार को 'टाटा-बाय-बाय' कहिए, और हम गिरोह के संचालकों को सबक सिखाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह आशुतोष मुखर्जी की भूमि है, जिन्हें 'बंगाल का शेर' उपनाम दिया गया था। उनके पुत्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमारी पार्टी की स्थापना की और देश के लिए अपना प्राणों का बलिदान दिया। मैं दोनों नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अगले चरण के चुनाव के लिए भाजपा के अभियान को तेज करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने मतदाताओं से भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने रैली में कहा कि 29 अप्रैल (दूसरे चरण का मतदान) को आपको कमल के चिन्ह के सामने वाला बटन दबाना है। यह सिर्फ किसी को विधायक बनाने या भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं है। यह बंगाल की धरती को घुसपैठियों से मुक्त कराने के लिए है। उन्होंने ममता पर वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया और कहा कि वह अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी का समय समाप्त हो गया है। अगला मुख्यमंत्री बंगाल की धरती का सपूत होगा, जिसने बंगाली माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो, जो बंगाली बोलता हो, और सबसे महत्वपूर्ण बात, वह भाजपा का कार्यकर्ता होगा। उन्होंने कहा कि पहले ममता बनर्जी के गुंडे कहते थे कि आप जितना चाहें प्रचार कर लें, लेकिन किसी को वोट नहीं डालने देंगे। मैं दीदी के गुंडों से कहना चाहता हूं कि अगर आपने किसी भी मतदाता को छुआ, तो आप सीधे बंगाल की खाड़ी में पहुंच जाएंगे।



अमित शाह ने मध्यमग्राम में किया रोड शो

### बेलतला गर्ल्स स्कूल में छात्रों को आयुर्वेदिक विरासत के प्रति जागरूक करने पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलतला गर्ल्स स्कूल में छात्रों के बीच भारत की पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ. देबब्रत सेन ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं तक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. सेन ने सरल भाषा में समझाया कि आयुर्वेद किस प्रकार स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित दिनचर्या के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को शरीर के शुरुआती स्वास्थ्य संकेतों को पहचानने और प्राकृतिक तरीके से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया।



कोलकाता में गुरुवार को चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ को एयरपोर्ट में स्वागत करने पहुंचे दीपक सिंह

# बाइक प्रतिबंध पर हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी, आयोग से मांगा जवाब



**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बाइक पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर चुनाव आयोग को कलकत्ता हाईकोर्ट की तीखी टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। मतदान से 72 घंटे पहले बाइक चलाने पर रोक के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने आयोग की मंशा और निर्णय प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए।

अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना ठोस तर्क के इस तरह सभी गतिविधियों को रोकना उचित नहीं है। न्यायमूर्ति ने टिप्पणी करते हुए कहा, अयथार्थ तरीके से सब कुछ बंद करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आयोग से पूछा कि आखिर तीन दिन पहले से बाइक प्रतिबंध लगाने की जरूरत क्यों पड़ी और इसके समर्थन में ठोस आंकड़े पेश करने को कहा। कोर्ट ने निर्देश दिया कि आयोग इस संबंध में हलफनामा दाखिल कर विस्तृत जवाब दे।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने यह भी सवाल उठाया कि यदि हालात इतने गंभीर हैं तो फिर आपातकाल जैसी व्यवस्था क्यों नहीं लागू की जा रही। उन्होंने कहा कि केवल बाइक ही क्यों, फिर तो सभी वाहनों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए, क्योंकि किसी भी माध्यम से असामाजिक तत्व गड़बड़ी फैला सकते हैं। उन्होंने आयोग से पिछले पांच वर्षों में बाइक से जुड़ी घटनाओं और दर्ज एफआईआर का ब्यौरा भी मांगा।

अदालत ने यह भी कहा कि इस तरह के व्यापक प्रतिबंध नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन कर सकते हैं। न्यायमूर्ति के अनुसार, सिर्फ इसलिए कि चुनाव आयोग के पास विशेष अधिकार हैं, इसका मतलब यह नहीं कि उनका मनमाने तरीके से इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि 24 घंटे का प्रतिबंध किसी हद तक समझा जा सकता है, लेकिन 72 घंटे या उससे अधिक समय तक रोक लगाना तर्कसंगत नहीं है।

हाईकोर्ट की इस सख्त टिप्पणी के बाद अब नजर आयोग के जवाब पर टिकी है। चुनावी माहौल के बीच इस मुद्दे ने प्रशासनिक फैसलों और नागरिक अधिकारों के संतुलन पर नई बहस छेड़ दी है।

## हुगली में वृद्धा ने की आत्महत्या, इलाके में सनसनी

**हुगली, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के बीच हुगली जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है, जहां 65 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना दादपुर थाना क्षेत्र के आईमा सोमसारा गांव की बताई जा रही है। गुरुवार की सुबह महिला का शव घर के पास बांस के बागान में फांसी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृत महिला की पहचान रबी माझी के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार, वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से काफी परेशान थीं। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है और स्थानीय लोगों में भी गहरा आक्रोश व चिंता देखी जा रही है। परिजनों का कहना है कि महिला पर मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा था। दस्तावेजों में नाम को लेकर गड़बड़ी के कारण वह परेशान थीं और इसी वजह से वह एसआईआर प्रक्रिया के दौरान भी चिंतित रहीं। परिवार ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन उनका तनाव कम नहीं हुआ। परिवार के मुताबिक, उन्हें यह डर सता रहा था कि मतदाता सूची में नाम नहीं होने की वजह से वह मतदान नहीं कर पाएंगी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ जाएगी। यही आशंका धीरे-धीरे गहरे मानसिक तनाव में बदल गई, जो अंततः इस दुखद घटना का कारण बनी।

## ईडी समन पर सुजीत बोस को हाई कोर्ट से अस्थायी राहत

### 1 मई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश



**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लगातार समन का सामना कर रहे तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार सुजीत बोस को कलकत्ता हाई कोर्ट से अस्थायी राहत मिली है। अदालत ने फिलहाल उन्हें तुरंत पेश होने से छूट दी है, लेकिन 1 मई को सुबह 10:30 बजे ईडी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

मामले की सुनवाई के दौरान सुजीत बोस के वकील ने अदालत में दलील दी कि केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दो साल पहले चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें उनके मुवक्किल का नाम शामिल नहीं है। इसके बावजूद चुनाव के ठीक पहले 2 अप्रैल से ईडी लगातार समन जारी कर रही है। वकील ने यह भी बताया कि समन मिलने पर सुजीत बोस ने अपने पुत्र को भेजा था, लेकिन ईडी ने उसे स्वीकार नहीं किया। साथ ही, हाल ही में उन्हें फिर से पेश होने का नोटिस दिया गया था।

वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें पेशी से राहत दी जाए, क्योंकि वह वर्तमान में चुनावी उम्मीदवार हैं और व्यस्त हैं।

वहीं, ईडी की ओर से दलील दी गई कि सुजीत बोस बार-बार समन के बावजूद जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, इसलिए उनकी याचिका स्वीकार्य नहीं है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने निर्देश दिया कि चूंकि आवेदक ने समन के जवाब दिए हैं और वह चुनाव में उम्मीदवार हैं, इसलिए उन्हें कुछ समय दिया जा रहा है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि 1 मई को उन्हें स्वयं ईडी कार्यालय में उपस्थित होना होगा और किसी प्रतिनिधि को भेजने की अनुमति नहीं होगी।

चुनावी माहौल के बीच आए इस फैसले को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।

## एनआईए जांच में दखल से हाई कोर्ट का इनकार, तृणमूल नेताओं की याचिका खारिज



**कोलकाता :** नंदीग्राम में सहकारी चुनाव के दौरान हुई हिंसा और बमबाजी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई को लेकर दायर याचिका पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के चार नेताओं की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने गिरफ्तारी से राहत की मांग की थी।

यह मामला 8 दिसंबर 2024 को नंदीग्राम में सहकारी चुनाव के दौरान हुई हिंसा से जुड़ा है। उस दिन नंदीग्राम-1 ब्लॉक के कंचननगर दिदारुद्दीन विद्याभवन मतदान केंद्र पर भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच विवाद के बाद बमबाजी की घटना सामने आई थी। इस घटना में कुल 43 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी।

बाद में हाई कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई। जांच एजेंसी ने सभी 43 आरोपियों को नोटिस जारी कर 17 अप्रैल को अपने मुख्यालय में पेश होने को कहा था। नोटिस पाने वालों में तृणमूल के कई प्रभावशाली नेता शामिल हैं, जिनमें शेख सूफियान, अबु ताहेर और शंकु नायक जैसे नाम प्रमुख हैं।

हालांकि, इन नेताओं में से चार-शंकु नायक सहित-ने कोर्ट का रुख करते हुए अंतरिम राहत की मांग की थी, ताकि उन्हें गिरफ्तारी से बचाया जा सके। लेकिन अदालत ने उनकी दलीलों को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया कि एनआईए की जांच प्रक्रिया में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

अदालत के इस फैसले के बाद अब संबंधित नेताओं को जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होना होगा। चुनाव से पहले आए इस निर्णय को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इस पर सभी पक्षों की नजर बनी हुई है।

## आरजी कर कांड : सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट पर माता-पिता की चुप्पी, बोले...

# '4 मई के बाद ही रखेंगे अपना पक्ष'




**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के सेमिनार रूम में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने गुरुवार को सियालदह कोर्ट में मामले की स्टेटस रिपोर्ट जमा की। इसमें कहा गया है कि मामले में और सात लोगों से पूछताछ की गई है। दूसरी तरफ, सीबीआई जांच के बारे में पूछे जाने पर मृतका के माता-पिता ने फिलहाल कुछ भी कहने से मना कर दिया। मृतका की मां, जो उत्तर 24 परगना जिले की पानिहाटी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भी है, ने कहा कि सीबीआई जांच को लेकर फिलहाल उनकी कोई शिकायत नहीं है। वहीं, मृतका के पिता ने कहा कि वे चार मई के बाद ही कुछ कहेंगे। दूसरी तरफ, उनके अधिवक्ता ने सियालदह कोर्ट में कहा कि सेमिनार रूम में हुई वारदात में सिविक वॉलंटियर संजय राय के अलावा और भी लोग शामिल हैं। उन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है। हाई कोर्ट ने सीबीआई को मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे संजय राय से पूछताछ करने को कहा है, जबकि सीबीआई ऐसा नहीं कर रही है। वह कह रही है कि जरूरत महसूस होने पर पूछताछ की जाएगी।

**Change of Name**

I, Regd. No. 14872526A, Rank-Sepoy, Name- Yashimeren of Fort William Hasting/Vijaydurg 613 tpt Kolkata-700021, resident of Marepkong Ward, Mokokchung Town, P.O. & P.S. Mokochung, Dist.-Mokochung, Nagaland hereby declare that my permanent address is Marepkong Ward mokokchung ,village Longsa & my mother's official name is Smti. Mapuienla. That in my Service Documents, my village has been recorded as Marepkong Ward instead of Longsa and my mother's name is wrongly recorded as Smti. Mapurenla. That Smti. Mapuienla & Smti. Mapurenla are of the same person & I swear to rectify the same in my Service Documents & will be used in my all official documents vide affidavit no. 39371, dt. 22.04.2026 of Ld. First Class Judicial Magistrate at Alipore, Kolkata.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby to all concerned that pursuant to an Order dated 14th August, 2025 passed by the Hon'ble National Company Law Tribunal, Kolkata Bench in C.P. (IB) No. 369/KB/2020, the Resolution Plan in respect of Hindusthan National Glass & Industries Ltd. was duly approved, and the management and control of the Company now vests in and is being exercised by the Successful Resolution Applicant, namely Independent Sugar Corporation Limited.

By virtue of the said order Resolution Professional was specifically directed to hand over all records, documents and assets of Hindusthan National Glass & Industries Ltd. to the present management of the Company to enable it to undertake further operations and compliances. However, upon taking over charge and conducting verification of records, it has been discovered that a Trust Deed dated 23rd December 1975, under the name and style of Hindusthan National Glass & Industries Ltd. Employees' Group Gratuity Fund which was constituted for the benefit of eligible employees of the Company and administered in accordance with the Trust Deed has not been handed over and is presently untraceable. Despite repeated efforts and inquiries, with the Resolution Professional and concerned authorities the said document could not be located, and there exists a reasonable apprehension that the same has been misplaced or removed. A complaint in this regard has also been made to theOfficer-in-Charge Hare Street, Police station at 42. Chittaranian Avenue, Bowbazzar. Kolkata- 700012.

All persons, regulatory authorities, institutions or entities having custody, possession or knowledge of the said document are hereby requested to contact the undersigned and disclose and/or provide the same within 7 days from publication of this notice.

Place: Kolkata — For Hindusthan National Glass & Industries Ltd.
Date: 24.04.2026 — Authorized Representative

# ममता ने आई-पैक मामले की जांच में बाधा डालने के लिए राज्य तंत्र का इस्तेमाल किया : ईडी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाने का आरोप लगाते हुए, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2,700 करोड़ रुपये के कोयला तस्करी मामले में आई-पैक के खिलाफ उसकी जांच में बाधा डालने के लिए राज्य तंत्र का इस्तेमाल किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष ईडी और उसके अधिकारी रॉबिन बंसल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें पेश कीं। उन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की जांच का निर्देश देने का अनुरोध किया। बता दें कि अदालत ईडी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें आरोप लगाया गया है कि धन शोधन जांच के संबंध में आठ जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' (आई-पैक) के कार्यालय की तलाशी के दौरान ममता और अन्य राज्य अधिकारियों ने बाधा डाली थी। ईडी का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने भारी पुलिस बल के साथ व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करते हुए तलाशी रोक दी और संघीय अधिकारियों द्वारा एकत्र किए गए सबूतों को जब्त कर लिया।

कार्यवाही की शुरुआत सॉलिसिटर जनरल और वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी के बीच तीखी बहस से हुई। गुरुस्वामी ने ईडी पर अदालत को ''राजनीतिक अभियान में सोशल मीडिया हथियार'' के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि मैं सड़क पर लड़ने वाले की तरह व्यवहार नहीं कर सकता। मैं गरिमापूर्ण मौन बनाए रखता हूं। ईडी और उसके अधिकारी की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, इस दलील का जवाब देते हुए कि उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत याचिका वैध है क्योंकि कानून का शासन अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री कानून को अपने हाथ में लेती हैं, तो नागरिकों के रूप में जांच अधिकारियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। मेहता ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने कभी ऐसी स्थिति की कल्पना भी नहीं की थी। मुख्यमंत्री सैकड़ों पुलिस अधिकारियों के साथ परिसर में घुस गईं। वे दस्तावेज़ ले गए, कंप्यूटर बैकअप रोक दिए और सुरक्षा कैमरों का डेटा छीन लिया। यह कोई अकेली घटना नहीं है; यह एक पैटर्न है। ईडी ने कथित बाधा डालने और 'प्रतिशोधात्मक' प्राथमिकी से जुड़ी जांच को सीबीआई को सौंपने के लिए निर्देश का अनुरोध किया है। ईडी का कहना है कि मुख्यमंत्री और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के आचरण की जांच के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी की आवश्यकता है। मामले की अगली सुनवाई 13 मई को होगी।

## गारियाहाट रोड पर मोटरसाइकिल की टक्कर, बुजुर्ग घायल

**कोलकाता :** गारियाहाट रोड साउथ पर जोधपुर पार्क की पहली गली के निकट एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने एक बुजुर्ग पैदल यात्री को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना शाम करीब 6 बजकर 55 मिनट पर हुई। घायल व्यक्ति की पहचान कुणाल दास (67 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गार्फा स्थित 132/2-, सारत घोष गार्डन रोड, कोलकाता-31 के निवासी हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उन्हें कई जगह चोटें आईं और उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। मोटरसाइकिल के चालक ने बुजुर्ग को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। यह मामला लेक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है और पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह एक हिट-एंड-रन का मामला है।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-1-2026-27, दिनांक 21.04.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, सियालदह, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-1-2026-27, कार्य का नाम: पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के अधीन मेन लाइन से साइडिंगों को अलग करने के लिए सीबी लाइन के प्रावधान के संबंध में 25 केवी पीएसआई तथा संबंधित विद्युतीय कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य: रु. 2,44,89,084; बयाना राशि: रु. 4,89,800; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 महीने। बंद होने की तारीख: 22.05.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

(SDAH-16/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दो ईएमयू लोकल ट्रेनों के आवागमन की पुनर्बहाली**

बाँशबेड़िया में बो स्ट्रिंग गर्डर की व्यवस्था द्वारा प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के लिए, दिनांक 19/02/26 से 03/05/26 तक बीच-बीच में 24 दिनों के लिए **3 घंटे हेतु** हावड़ा मंडल के तहत बाँशबेड़िया और त्रिबेणी स्टेशनों के बीच **पावर और ट्रैफिक ब्लॉक** के कारण ट्रेनों के आवागमन के नियंत्रण के संबंध में जारी पूर्व अधिसूचना के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि दिनांक **24/04/26 से 28/04/26** तक के उक्त ब्लॉक को **अगली सूचना न मिलने तक स्थगित** कर दिया गया है। अतएव, उक्त ब्लॉक के कारण निम्नलिखित ट्रेनों जिनके आवागमन को पहले नियंत्रित किया गया था, उन्हें अब निम्नानुसार **पुनर्बहाल** कर दिया गया है: ● **37748 कटवा-बैण्डेल लोकल (दिनांक 24/04/26 से 28/04/26 तक)**, जिसे पहले पुनर्निर्धारित और नियंत्रित किया गया था, अब निर्धारित समयसूची के अनुसार चलेगी। ● **37924 कटवा-हावड़ा गैलपिंग लोकल (दिनांक 24/04/26 से 28/04/26 तक)**, जिसे पहले नियंत्रित किया गया था, अब निर्धारित समयसूची के अनुसार चलेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में पार्किंग लॉट के 3 वर्षों की अवधि के लिए संचालन हेतु संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखें। नीलामी सूचीपत्र सं.: पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-एपीआर-9, नीलामी शुरू होने की तारीख/समय: 05.05.2026 को 14.00 बजे। क्रमांक, लॉट सं. एवं स्टेशन का नाम निम्नलिखित हैं: (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीडीएई-टीडब्ल्यू-41-22-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); चंदनपुर-II। (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-टीबीएई-टीडब्ल्यू-139-24-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); त्रिवेणी-I। (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एसआईयू-टीडब्ल्यू-157-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); सिंगुर-III। (4) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-टीकेपीएच-टीडब्ल्यू-178-26-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); टाकीपुर हॉल्ट। (5) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीसीजीएम-टीडब्ल्यू-191-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); बैंचीग्राम।(6) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आरएसएलआर-टीडब्ल्यू-112-26-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); रसूलपुर-III। (7) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-टीएलपीएच-टीडब्ल्यू-201-23-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); तालपुर। (8) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-जेबीटी-टीडब्ल्यू-274-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); जीवंती हॉल्ट। (9) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीआरएमएच-एमएक्स-99-26-1 (पार्किंग-मिश्रित); बेलूड़मठ।

(HWH-32/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## लोकल ट्रेन में भाजपा उम्मीदवार ने किया अनोखे अंदाज में चुनाव प्रचार



**हुगली :** श्रीरामपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भास्कर भट्टाचार्य ने गुरुवार सुबह अलग अंदाज में प्रचार अभियान की शुरुआत की। भास्कर भट्टाचार्य सुबह श्रीरामपुर रेलवे स्टेशन से श्रीरामपुर-हावड़ा लोकल ट्रेन में सवार हुए और यात्रा के दौरान आम यात्रियों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद किया। ट्रेन में सफर कर रहे नित्य यात्रियों से उन्होंने बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रचार के दौरान श्रीरामपुर से रिसड़ा स्टेशन तक ट्रेन के डिब्बे में उन्होंने लोगों से संपर्क साधा। इस दौरान यात्रियों के बीच उत्साह देखने को मिला और कई लोगों ने उनके अभियान का समर्थन भी जताया। भाजपा उम्मीदवार का यह जमीनी स्तर पर जुड़ने का प्रयास चुनाव प्रचार के पारंपरिक तरीकों से अलग माना जा रहा है, जहां उन्होंने आम लोगों के बीच जाकर सीधे संवाद को प्राथमिकता दी।

## अरविंद केजरीवाल तृणमूल के पक्ष में 26 और 27 अप्रैल को बंगाल में करेंगे चुनाव प्रचार

**कोलकाता, समाज्ञा**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए समर्थन मांगने के लिए 26 और 27 अप्रैल को चुनाव प्रचार करेंगे। आप सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आप सूत्र ने बताया कि केजरीवाल मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के निमंत्रण पर राज्य का दौरा करेंगे और उनके लिए जनता से समर्थन मांगेंगे। बताया गया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दूसरे चरण के लिए तृणमूल के चुनाव प्रचार अभियान के तहत जनसभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकते हैं।

## मालदह डिवीजन में पूर्व रेलवे की बड़ी पहल, आईबीएस प्रणाली से ट्रेन संचालन तेज और सुरक्षित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने मालदह डिवीजन में ट्रेन संचालन को अधिक तेज, सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन किया है। 22 अप्रैल 2026 को धुलियानगंगा और निमटीटा स्टेशनों के बीच स्थित बसुदेवपुर में इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग (आईबीएस) प्रणाली का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। यह परियोजना पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व तथा प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर आशीष कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में पूरी हुई। नई आईबीएस प्रणाली के तहत लंबे रेलखंड को छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित किया गया है, जिससे एक ट्रेन के बाद दूसरी ट्रेन को कम समय में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ने की अनुमति मिलती है। इससे ट्रेनों के सिग्नल पर रुकने का समय कम होगा और यात्रा अधिक तेज होगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस प्रणाली में अत्याधुनिक एक्सल काउंटर, ट्रैक सर्किट, लाइटनिंग डिटेक्टर और रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही कई लेवल क्रॉसिंग गेट्स को भी इस स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा, हमारा लक्ष्य यात्रियों को सुरक्षित और समय पर गंतव्य तक पहुंचाना है। बासुदेवपुर में आईबीएस लागू होने से इस व्यस्त मार्ग की क्षमता बढ़ी है, जिससे भीड़भाड़ कम होगी और यात्रा अधिक भरोसेमंद बनेगी।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1310-2025-26,दिनांक 22.04.2026; कार्य का विवरण: डीकेएई के प्लेटफॉर्मों पीएफ-1 एवं पीएफ-2 का 600 मीटर तक विस्तार। निविदा मूल्य : रु. 22,87,754; बयाना राशि: रु. 45,800; क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1322-2026-27,दिनांक 22.04.2026; कार्य का विवरण: स्टेशन पैनल के साथ आनुषंगिक मदों का पुनरुद्धार एवं उन्नयन। निविदा मूल्य: रु. 76,06,898; बयाना राशि: रु. 1,52,100; क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1325-2026-27,दिनांक 22.04.2026; कार्य का विवरण: चरण-II के अधीन सियालदह मंडल के तहत वाटर कूलरों का प्रावधान। निविदा मूल्य : रु. 1,58,71,860.39; बयाना राशि: रु. 3,17,400; क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1290-2025-26-आर, दिनांक 22.04.2026; कार्य का विवरण: सियालदह स्टेशन से यात्रा आरम्भ करने वाली ट्रेनों के लिए 1 वर्ष की अवधि हेतु एसी के संचालन के लिए एसी कोचों में एस्कर्ट ड्यूटी, समस्याओं के समाधान, अभिलेख के अभिरक्षण, एचओजी एवं अन्य कपलिंग को जोड़ने तथा अलग करने, एसी एवं नॉन-एसी कोचों में रेल मदद के तहत सहायता प्रदान करने, मार्ग में जरूरत पड़ने पर रेलवे प्राधिकारियों के साथ संचार एवं ओईडी को मदद प्रदान करने के लिए आउटसोर्स किए गए कुशल एवं उसके अकुशल सहायक। निविदा मूल्य: रु. 11,17,40,890.12; बयाना राशि: रु. 7,08,700; समापन अवधि: 12 महीने (क्रमांक 1 एवं 4 के लिए), 9 महीने (क्रमांक 2 के लिए) तथा 3 महीने (क्रमांक 3 के लिए),। बोली शुरू होने की तारीख: 01.05.2026। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 15.05.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

(SDAH-19/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## भारत दुनिया में अल्ट्रा-एचएनआई की आबादी के मामले में छठा सबसे बड़ा देश है: नाइट फ्रैंक

**कोलकाता :** नाइट फ्रैंक ने अपनी प्रतिष्ठित रिपोर्ट द वेल्थ रिपोर्ट के 20वें संस्करण का लॉन्च किया। यह रिपोर्ट बताती है कि महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, बढ़ती ब्याज दरों को लेकर चिंताओं और असमान आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद वैश्विक संपत्ति सृजन में तेज़ी से वृद्धि हुई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के इंटरनेशनल पार्टनर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने कहा, भारत के धनाढ्य वर्ग का विस्तार उसके आर्थिक विकास को दर्शाता है: एक उद्यमशील अर्थव्यवस्था का परिपक्व होकर ऐसी अर्थव्यवस्था में बदलना, जिसमें पूंजी के गहरे स्रोत, अधिक परिष्कृत वित्तीय बाजार और वैश्विक स्तर पर जुड़े उद्यमियों और निवेशकों का बढ़ता समूह शामिल है।

## यस बैंक का चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2026 में मजबूत प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** यस बैंक ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष के लिए मजबूत वित्तीय नतीजे घोषित किए हैं। बैंक के प्रदर्शन में लाभप्रदता में निरंतर वृद्धि, परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार और व्यवसाय में तेजी देखने को मिली है। जारी आंकड़ों के अनुसार, चौथी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,068 करोड़ रुपये रहा, जबकि पूरे वित्त वर्ष में यह बढ़कर 3,476 करोड़ रुपये हो गया। इसी अवधि में शुद्ध ब्याज आय (एनआईएल) 2,638 करोड़ रुपये दर्ज की गई। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सालाना आधार पर 20 बेसिस प्वाइंट बढ़कर 2.7% पहुंच गया। बैंक का परिचालन लाभ भी बढ़कर 1,618 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। प्रबंध निदेशक एवं सीईओ विनय एम टोनसे ने कहा कि बैंक ने वित्त वर्ष का समापन मजबूत स्थिति में किया है, जहां चौथी तिमाही में 1.0% का आरओए हासिल हुआ। उन्होंने कहा कि बेहतर मार्जिन, कम लागत और घटते एनपीए ने प्रदर्शन को मजबूती दी है।

# पूर्व रेलवे का स्वच्छता अभियान रंग लाया, टॉलीगंज में लोगों की बढ़ी भागीदारी

❑ यात्रियों और स्थानीय लोगों को जोड़कर स्वच्छ भारत का संदेश किया प्रसारित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के स्वच्छता अभियान ने टॉलीगंज में रफ्तार पकड़ ली है, जहां जनजागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत, स्वच्छ रेल के संदेश के साथ आयोजित इस पहल में यात्रियों और स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व में चल रहे इस माहभर के अभियान के नौवें दिन टॉलीगंज स्टेशन और आसपास के इलाकों में सघन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 23 अप्रैल को पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्टेशन परिसर में स्वच्छता को लेकर व्यापक अभियान चलाया, जिसमें साफ-सुथरे ट्रैक, ट्रेन और स्टेशन के महत्व पर जोर दिया गया।

यह अभियान सुधीर कुमार शर्मा, सीएमएम/वैगन एवं राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स (ईआरबीएसजी), शिबराम माझी, डीजीएम (जी)/पूर्व रेलवे एवं राज्य सचिव, तथा संजीब शा, राज्य आयोजन आयुक्त (स्काउट) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन (ईएनएचएम) विभाग ने भी इसमें सहयोग दिया। अभियान के तहत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने रेलवे ट्रैक के किनारे रहने वाले लोगों तक पहुंचकर स्वच्छता के स्वास्थ्य, पर्यावरण और सुरक्षा से जुड़े लाभों के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों को कचरा न फैलाने और सार्वजनिक स्थानों की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया गया। सहभागिता बढ़ाने के लिए चॉकलेट और कैप जैसे उपहार भी वितरित किए गए। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में स्थायी जागरूकता और व्यवहार में बदलाव लाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित रेलवे वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

**स्पेशल ट्रेनें**

**सुल्तानपुर और डानकुनी तथा साबरमती और आसनसोल के बीच**

**गर्मी के मौसम** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **सुल्तानपुर और डानकुनी तथा साबरमती और आसनसोल स्टेशनों** के बीच स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा की तारीख और गठन के अनुसार चलाई जायेंगी :

**04250/04249 सुल्तानपुर-डानकुनी- सुल्तानपुर स्पेशल ट्रेन**

| सुल्तानपुर-डानकुनी | | | 04250 04249 | डानकुनी- सुल्तानपुर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| | – | 04.45 | ↓ सुल्तानपुर जंक्शन | 16.30 | – | |
| शुक्र | 13.40 | 13.50 | गया जंक्शन | 09.20 | 09.30 | शनि |
| | 17.20 | 17.25 | धनबाद जंक्शन | 05.35 | 05.40 | |
| | 18.25 | 18.35 | आसनसोल जंक्शन | 03.10 | 03.20 | |
| | 22.00 | – | डानकुनी जंक्शन ↑ | – | 00.30 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों** दिशाओं में मार्ग के जौनपुर सिटी, वाराणसी जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, दुर्गापुर एवं बर्द्धमान जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। • **यात्रा की तारीख एवं दिन: सुल्तानपुर जंक्शन से : 04250** दिनांक 24/04/2026 (शुक्रवार) को = 01 ट्रिप और **डानकुनी जंक्शन से : 04249** दिनांक 25/04/2026 (शनिवार) को=01 ट्रिप। • **गठन:** वातानुकूलित 2-टियर - 01, वातानुकूलित 3-टियर - 02, शयनयान श्रेणी - 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 05 एवं एसएलआरडी - 02 = 20 कोच। • **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**09435/09436 साबरमती-आसनसोल-साबरमती स्पेशल ट्रेन**

| साबरमती-आसनसोल | | | 09435 09436 | आसनसोल-साबरमती | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बुध | – | 22.55 | ↓ साबरमती | 07.15 | – | रवि |
| बृहस्पति | 08.30 | 08.40 | जयपुर जंक्शन | 20.30 | 20.40 | शनि |
| | 23.20 | 23.30 | प्रयागराज जंक्शन | 04.50 | 05.00 | |
| शुक्र | 07.30 | 07.35 | गया जंक्शन | 21.30 | 21.35 | शुक्र |
| | 14.30 | – | आसनसोल जंक्शन ↑ | – | 16.15 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग के महेसाणा जंक्शन,पालनपुर जंक्शन, आबू रोड, फालना, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर जंक्शन, बांदीकुई जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, अछनेरा जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूंडला जंक्शन, गोविंदपुरी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, कोडरमा जंक्शन एवं धनबाद जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। • **यात्रा की तारीख एवं दिन: साबरमती से: 09435** दिनांक 29/04/2026 (बुधवार) को = 01 ट्रिप और **आसनसोल जंक्शन से: 09436** दिनांक 01/05/2026 (शुक्रवार) को=01 ट्रिप। • **गठन:** वातानुकूलित 3-टियर - 18 एवं पावर कार - 02 = 20 कोच। • **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

## खाना पकाने से इनकार करने पर बेटी की हत्या, आरोपी पिता गिरफ्तार

**प्रतापगढ़:** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के कोहंडौर क्षेत्र में पुलिस ने अपनी बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के आरोप में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, घटना घरेलू विवाद के बाद हुई। थाना प्रभारी धनंजय राय ने बताया कि आरोपी रामलाल को गौरा अतरसंड गांव स्थित उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी और डंडा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने घर के पास से 30 वर्षीय महिला का शव बरामद किया, जिसकी पहचान कंधई थाना क्षेत्र के ताला गांव निवासी सोनम के रूप में हुई। वह एक दिन पहले ही अपने मायके आई थी।

## बागपत में अंतरराज्यीय पशु तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, मुठभेड़ में दो अपराधी घायल

बागपत (उप्र): बागपत जिले में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय पशु तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया और बृहस्पतिवार को मुठभेड़ के बाद गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान नोमान, उम्मेद और रिजवान उर्फ रिजू के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह सिंघावली अहीर थाने की पुलिस और सर्विलांस टीम संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही थी तभी उन्होंने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन वाहन सवार लोगों ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस दल गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में नोमान और उम्मेद गोली लगने से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें काबू कर लिया। पुलिस दल ने उनके एक और साथी रिजवान को भी दबोच लिया।

## लखीमपुर खीरी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच लोगों की मौत, 22 अन्य घायल

**लखीमपुर खीरी:** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में बृहस्पतिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा पढुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा-गजियापुर मार्ग पर हुआ। पढुआ थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि सभी पीड़ित शारदानगर थाना क्षेत्र के सोहरिया गांव के निवासी थे और पड़ोसी जिले बहराइच के कारीकोट मंदिर में 'मुंडन' समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसा पढुआ क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास उस समय हुआ जब ट्रैक्टर-ट्रॉली का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई। मृतकों की पहचान नैंसी (15), राज कुमारी (35), मखाना (45), कोमल (12) और पंछी (16) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए रमियाबेहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

## शादी में थूक लगाकर रोटी बनाने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**हापुड़ (उप्र):** हापुड़ जिले में एक शादी समारोह के दौरान थूक लगाकर तंदूर में रोटी बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाबूगढ़ थाना प्रभारी मुनीश प्रताप ने बृहस्पतिवार को बताया कि एक वीडियो उनके संज्ञान में आया था, जिसमें एक युवक थूक लगाकर रोटी बनाता दिखाई दे रहा था। उन्होंने बताया कि वीडियो के आधार पर पहचान करके आरोपी नसीमउद्दीन को बुधवार शाम को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन 27 अप्रैल को राजस्थान दौरे पर

**जयपुर:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 27 अप्रैल को राजस्थान दौरे पर आएंगे और टोंक से पार्टी के सात नए जिला कार्यालयों का उद्घाटन करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नवीन का यह पहला राजस्थान दौरा होगा। कार्यक्रम के अनुसार, वह टोंक में एक जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे, जबकि अन्य जिला कार्यालयों का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये किया जाएगा। साथ ही जालोर में एक जिला कार्यालय का शिलान्यास भी किया जाएगा।

# मिर्जापुर में ट्रक की टक्कर से दो कार में लगी आग, चार बच्चों समेत 11 लोगों की मौत



**मिर्जापुर:** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र स्थित ड्रमंडगंज पहाड़ी इलाके में ट्रक की टक्कर से दो कारों में आग लगने के कारण चार बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर ड्रमंडगंज घाटी से लसोडा क्षेत्र की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-135 पर बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे हुए इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान देर रात हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना को ''अत्यंत दुखद और हृदय विदारक'' बताते हुए जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु निर्देश दिए हैं। मिर्जापुर की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि मध्यप्रदेश से आ रहा चने से लदा हुआ ट्रक बड़का मोड़ की पहाड़ी की तेज ढलान पर ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित हो गया और उसने पहले एक जीप को, उसके बाद आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर के बाद कार आगे जा रहे गिट्टी से लदे ट्रक से टकरा गई, जिससे कार और जीप दोनों में आग लग गई। प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार नीचे की ओर जा रहे एक ट्रक के दूसरे वाहन से टकराने से पहले ब्रेक फेल होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि चने से लदा ट्रक मध्यप्रदेश की ओर से आ रहा था, जिसने खड़ी ढलान पर नियंत्रण खो दिया और पहले एक बोलेरो तथा फिर आगे चल रही एक कार को टक्कर मार दी। टक्कर में दोनों ट्रकों के बीच चल रही एक कार कुचल गई। पुलिस ने कहा कि इसके बाद हुई श्रृंखलाबद्ध टक्कर में, कार बजरी से भरे एक अन्य ट्रक से जा टकराई, जबकि कार और बोलेरो दोनों में आग लग गई, आग इतनी भीषण थी कि अग्निशमन कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से इसे बुझाने में दो घंटे से अधिक समय लग गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का समय नहीं मिल पाया और सभी जिंदा जल गए। अधिकारियों ने कहा कि बोलेरो में सवार चार बच्चों, तीन महिलाओं और दो पुरुषों सहित नौ लोगों की जलकर मौत हो गई। वे मैहर मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि उनके अलावा कार चालक और ट्रक चालक की भी मौत हो गई, जिन्होंने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। कौशिक के अनुसार मृतकों की पहचान मध्यप्रदेश के सतना निवासी प्रियंका सिंह (42) व कार्तिकेय सिंह (19), सागर निवासी विकास शर्मा (32), उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी पीयूष सिंह (15), पंकज सिंह (40), बीना सिंह (47), वंदना सिंह (43), शिव सिंह (चार), सोनम सिंह (नौ) व विष्णु सिंह (चार) और सोनभद्र निवासी जयप्रकाश (28) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे में ट्रक चालक की भी मौत हुई है।

### अपनों की याद में बिलख रहे परिवार

जिले में हुए भीषण सड़क हादसे के एक दिन बाद पूरा इलाका शोक में डूबा हुआ है। ग्यारह लोगों की जान लेने वाली इस त्रासदी ने कई परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। अपने प्रियजनों को खो चुके लोग उनकी याद में बिलख रहे हैं और घरों में सन्नाटा पसरा हुआ है।पुलिस के मुताबिक, यह हादसा बुधवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-135 पर पहाड़ी ड्रमंडगंज क्षेत्र में हुआ। कई वाहनों की आपस में टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें नौ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया।जिगना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी पंकज सिंह के बड़े भाई राजू सिंह ने बताया कि पुलिस आधी रात को सूचना देने पहुंची, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उन्होंने कहा कि ड्रमंडगंज का इलाका बेहद खतरनाक है, जहां खड़ी चढ़ाई-ढलान के कारण रात में यात्रा करना जोखिम भरा होता है।परिजनों के अनुसार, पंकज सिंह का परिवार मध्यप्रदेश के मैहर से मुंडन संस्कार में शामिल होकर लौट रहा था। वहीं जीप चालक विष्णु सिंह के भतीजे ने बताया कि वह परिवार के लिए मेहनत कर रहे थे और सबकी मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे।एक अन्य मृतक जयप्रकाश के पिता ने बताया कि उनके बेटे की कार ट्रक से टकराई और शव निकालने के लिए वाहन को काटना पड़ा।घटना पर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## झारखंड: 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 95 प्रतिशत से ज़्यादा छात्र उत्तीर्ण



**रांची:** झारखण्ड अधिविद्य परिषद (जेएसी) द्वारा बृहस्पतिवार को घोषित कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में कुल 95.27 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। जेएसी के अधिकारियों के अनुसार, लड़कियों ने लड़कों से मामूली बढ़त बनाई, जहां 95.51 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में सफल रहीं। लड़कों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 95.01 रहा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में सफल हुए छात्रों, उनके शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दीं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, जिन छात्रों को अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप परिणाम नहीं मिला है, वे निराश न हों और बेहतर प्रयासों के साथ आगे बढ़ते रहें। झारखंड सरकार आप सभी के बेहतर भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। राज्य में प्रियांशु कुमारी (इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग), शिवांगी कुमारी (एसएस हाई स्कूल, बानो सिमडेगा), प्रेम कुमार साहू (प्रेमचंद हाई स्कूल, रांची) और सनी कुमार वर्मा (सेंट एलॉयसियस हाई स्कूल, रांची) संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहें। इन सभी ने 500 में से 498 अंक हासिल किए। वहीं, इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की वैश्नवी श्री और जुलिता मिंज, तथा सेंट पैट्रिक्स हाई स्कूल, गुमला के दिव्यांशु उरांव और खिलेश साहू ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## अच्छी नीयत से गोरखपुर में हुआ विकासपरक परिवर्तन: योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती और गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है। वह राप्ती नदी के एकला बंधा पर पुराने कचरे का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान की भी शुरुआत की। उन्होंने एकला बंधा पर ईको पार्क के रूप में हुए नए कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी या लखनऊ की तरफ से गोरखपुर में प्रवेश करते ही सबसे पहला मुकाबला कचरे से होता था। उन्होंने कहा कि यह बहुत बुरा लगता था, लेकिन इच्छाशक्ति से धीरे-धीरे परिवर्तन होता गया। योगी ने कहा कि आज से 30-35 वर्ष पहले, आज जहां ट्रांसपोर्टनगर बना है, पहले गोरखपुर का सारा कचरा वहीं फेंका जाता था। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने उसका समाधान किया तो आज वहां ट्रांसपोर्टनगर है, बेहतरीन बाजार और गोरखपुर की मंडी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्टनगर बन जाने के बाद कचरा एकला बंधा पर गिराया जाने लगा, जिसका परिणाम हुआ, वायु प्रदूषण, जमीन में जहर, नदी प्रदूषण और भूजल स्तर पर भी प्रभाव। उन्होंने कहा कि नीयत से नियति को बदला गया और बेहतरीन ईको पार्क तैयार हो गया। ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2.26 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण कर बनाया गया ईको पार्क 'पिकनिक स्पॉट' और बेहतरीन पर्यटन स्थल बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छाशक्ति और साफ नीयत के कारण बीते नौ वर्षों में गोरखपुर में हर क्षेत्र में बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर ने रोड कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, खेल, उद्योग, रोजगार सहित हरेक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

## भारत-नेपाल सीमा पर 85 लाख रुपये की भारतीय, नेपाली मुद्रा जब्त; छह हिरासत में



**बहराईच (उप्र):** बहराइच जिले में भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने 85 लाख रुपये से अधिक मूल्य की भारतीय और नेपाली मुद्रा जब्त की और छह लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए रुपईडीहा थाने की पुलिस और एसएसबी ने सीमा क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान मंगलवार को नकदी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, छह लोगों के कब्जे से 16.5 लाख रुपये मूल्य की भारतीय मुद्रा और 69 लाख रुपये मूल्य की नेपाली मुद्रा बरामद की गई। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में दो नेपाली नागरिक - राजेश प्रसाद सोनार और प्रताप सिंह जयसवाल - और बहराइच के रुपईडीहा क्षेत्र के चार निवासी शामिल हैं, जिनकी पहचान विजय कुमार अग्रवाल, रामगोपाल शुक्ला, मोतीलाल और दीपक कुमार निषाद के रूप में की गई है। पुलिस, एसएसबी और आयकर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि दोनों नेपाली नागरिक 'जय गुरुदेव' (एक आध्यात्मिक संगठन) के अनुयायियों से जुड़ी पोशाक पहने हुए थे। सभी छह को हिरासत में ले लिया गया है और एसएसबी, स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) और आयकर अधिकारियों द्वारा रुपईडीहा पुलिस स्टेशन में उनसे पूछताछ की जा रही है। एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने दावा किया कि पैसा लखनऊ में जय गुरुदेव के अनुयायियों से दान के रूप में प्राप्त किया गया था और नेपाल के बांके जिले में मंदिर निर्माण के लिए था। पुलिस ने कहा कि पूरी रकम शुरुआत में भारतीय मुद्रा में थी, जिसे रुपईडीहा में स्थानीय स्तर पर नेपाली मुद्रा में

## सोशल मीडिया पर रील पोस्ट करने पर बिहार में महिला थाना प्रभारी निलंबित

**पूर्णिया:** बिहार के पूर्णिया जिले में सोशल मीडिया पर वर्दी में अपनी रील पोस्ट करने के आरोप में एक महिला पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में की गई है। जिला पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार महिला थाना की प्रभारी शबाना आजमी को पूर्णिया की पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत ने निलंबित किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आजमी अपने सोशल मीडिया खाते पर वर्दी में नियमित रूप से रील पोस्ट कर रही थीं, जो पुलिस मुख्यालय से जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उल्लंघन है।

# बिहार विधानसभा में 24 अप्रैल को विश्वास मत पेश करेगी सम्राट चौधरी सरकार



**पटना:** में हाल ही में सत्ता संभालने वाले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार 24 अप्रैल को विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव पेश करेगी। इसके लिए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सदन की बैठक आहूत की है, जिसकी कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी कार्यसूची के अनुसार, बैठक की शुरुआत अध्यक्ष के प्रारंभिक संबोधन से होगी, जिसके बाद मुख्यमंत्री विश्वास मत प्रस्ताव पेश करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग के पास विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। गठबंधन में भाजपा के 89, जनता दल (यूनाइटेड) के 85, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 19, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के चार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार विधायक हैं। इस प्रकार राजग के कुल 201 विधायक हैं। हालांकि, पहले राजग के विधायकों की संख्या 202 थी, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने पर यह संख्या घटकर 201 रह गई। सूत्रों के अनुसार राजग के सभी विधायकों को बृहस्पतिवार शाम तक पटना पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनी है। वहीं, विपक्षी महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल के 25, कांग्रेस के छह, एआईएमआईएम के पांच, वाम दलों के तीन, बहुजन समाज पार्टी का एक तथा निर्दलीय विधायक आईपी गुप्ता का समर्थन शामिल है।

### कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं का सतत प्रशिक्षण संगठन को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के अंतर्गत प्रदेश प्रशिक्षण योजना को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा के प्रति अधिक प्रतिबद्ध बनाता है। चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में यह महाभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत भाजपा संगठन के सभी 52 जिलों में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रत्येक स्तर के कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से सशक्त किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाएं, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल एक राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त वाहक है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जनसेवा की भावना का विकास होता है, जो संगठन को नयी ऊंचाइयों तक ले जाता है। चौधरी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

## न्यूज अपडेट

### हरदोई पहुंचे योगी, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा



हरदोइ: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को हरदोई जिले के मल्लावां पहुंचकर 29 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के मद्देनजर गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसके सुचारू आयोजन के लिए जिला प्रशासन अलर्ट पर है। मुख्यमंत्री ने स्थल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, मंच व्यवस्था, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं में किसी प्रकार की चूक न हो। अधिकारियों के अनुसार, 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे 12 जिलों से होकर गुजरेगा और इससे प्रदेश में संपर्क व्यवस्था तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। एक्सप्रेसवे के चालू होने पर मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा समय वर्तमान लगभग 11 घंटे से घटकर करीब छह से आठ घंटे रह जाने की उम्मीद है, जिससे व्यापार, उद्योग और परिवहन को गति मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी और बुनियादी ढांचे के विकास को नयी गति देगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि उद्घाटन समारोह भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण सहित वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### राजस्थान के अनेक इलाकों में आज से भीषण गर्मी की चेतावनी



**जयपुर:** राजस्थान में तेज गर्मी का दौर जारी है और मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार से कई इलाकों में उष्णलहर (हीट वेव) की चेतावनी जारी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के जयपुर केंद्र के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में कई दिन से अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच बना हुआ है जो कि सामान्य से दो-तीन डिग्री सेल्सियस ऊपर है। इसके अनुसार राज्य में आगामी तीन-चार दिन मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी के आसार हैं। इस दौरान अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने का पूर्वानुमान है, जबकि उत्तरी राजस्थान में 23-25 अप्रैल को कहीं-कहीं उष्णलहर की चेतावनी जारी की गई है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संभाग व आसपास के क्षेत्रों में आज भी धूलभरी तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। इस बीच, राज्य की राजधानी जयपुर में गर्मी के तीखे तेवर को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यालयों के समय में बदलाव किया है। जयपुर जिले में 27 अप्रैल से राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। यह व्यवस्था आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए होगी।

## यूपी बोर्ड परिणाम : हाईस्कूल में 90.42 प्रतिशत, इंटरमीडिएट में 80.38 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण



**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने 10वीं कक्षा (हाईस्कूल) और 12वीं कक्षा (इंटरमीडिएट) की परीक्षाओं के परिणाम बृहस्पतिवार को जारी किए जिसमें छात्राओं ने दोनों में ही शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) महेंद्र देव ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 90.42 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 80.38 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में 26,01,381 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 23,52,181 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इस परीक्षा में जहां 87.30 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण हुए, वहीं 93.76 प्रतिशत बालिकाएं उत्तीर्ण हुईं। देव ने बताया कि इसी तरह, इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 24,86,072 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें से 19,98,317 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इस परीक्षा में जहां 75.04 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण हुए, वहीं 86.32 प्रतिशत बालिकाएं उत्तीर्ण घोषित की गईं। शिक्षा निदेशक ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च, 2026 तक संपन्न हुईं। कुल 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में ये परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से चार अप्रैल तक 254 मूल्यांकन केंद्रों पर किया गया। देव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथम स्थान सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने हासिल किया और दोनों ने ही 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, बाराबंकी की अदिति 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में सीतापुर की अर्पिता, झांसी के ऋषभ साहू और बाराबंकी की परी वर्मा ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। देव ने बताया कि इसी तरह, इंटरमीडिएट की परीक्षा में सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बरेली की नंदिनी गुप्ता व बाराबंकी की श्रिया वर्मा ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।

## एक बार विवाह कर लेने पर व्यक्ति महिला का भरण पोषण करने को बाध्य: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि एक बार व्यक्ति विवाह कर लेता है तो वह कानून के तहत पत्नी का भरण पोषण करने को बाध्य है। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति विवेक सरन की पीठ ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति यह महसूस करता है कि यदि शादी नहीं चली, तो वह पत्नी और बच्चों का भरण पोषण नहीं कर पाएगा, ऐसे व्यक्ति को तो विवाह ही नहीं करना चाहिए। अदालत ने कहा कि कोई भी पुरुष अपनी पत्नी के भरण पोषण की जिम्मेदारी से बचने के लिए अपनी खराब आर्थिक स्थिति का बहाना नहीं बना सकता। पीठ ने इसी के साथ परिवार अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए पति द्वारा दाखिल अपील खारिज कर दी। मौजूदा मामले में, परिवार अदालत ने अपीलकर्ता पति तेज बहादुर मौर्य को पत्नी को अंतरिम गुजारा भत्ता के तौर पर 4,000 रुपये भुगतान करने का निर्देश दिया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए मौर्य ने उच्च न्यायालय का रुख किया और दलील दी कि निचली अदालत ने उसकी वित्तीय स्थिति पर संज्ञान नहीं लिया। अपीलकर्ता ने कहा कि परिवार अदालत ने इस तथ्य को भी नजरअंदाज किया कि पत्नी एक अन्य व्यक्ति के साथ रह रही है और उनका परस्पर सहमति से अलगाव हुआ है।

## मणिपुर के कांगपोकपी जिले में छह अवैध बंकर नष्ट किये गये

**इम्फाल :** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में छह अवैध बंकर नष्ट कर दिए गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसके मुताबिक, तिंगपिबुंग गांव में दो, लुंगटर हिल में तीन तथा लेप्लेन गांव में एक बंकर नष्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने इन ठिकानों से 7.62 मिलीमीटर कारतूस के 12 खोखे जब्त किए।

## जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की मदद करने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में आतंकवादियों को साजोसामान संबंधी सहायता प्रदान करने के आरोप में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बुधवार रात शहर के हजरतबल इलाके से इन चारों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने इनमें तीन पुरुषों की पहचान हजरतबल निवासी जाहूर अहमद मीर, बशीर अहमद भट और गुलाम मोहम्मद भट के रूप में की है। महिला की पहचान हजरतबल निवासी शाजिया मोहम्मद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इनके कब्जे से एक हथगोला, एके-47 की 15 गोलियां, चार मोबाइल फोन और कुछ नकदी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और शस्त्र कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जुबिन मौत मामला : आरोपी श्यामकानु की जमानत अर्जी पर सुनवाई पूरी, 30 अप्रैल को आएगा फैसला

**गुवाहाटी :** विशेष त्वरित अदालत ने गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में मुख्य आरोपी श्यामकानु महंत की जमानत याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार को पूरी कर ली और अपना फैसला 30 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया। अदालत में महंत की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई शुरू हुई और उनके वकील ने अभियोजन पक्ष की दलीलों का खंडन किया। न्यायमूर्ति शर्मिला भुइयां की अदालत ने बृहस्पतिवार को अपराह्न सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया और कहा कि 30 अप्रैल को फैसला सुनाया जाएगा। 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' (एनईआईएफ) के आयोजक महंत ने असम विधानसभा चुनाव के एक दिन बाद, 10 अप्रैल को जमानत याचिका दायर की थी।

## भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर प्रतिबंध 24 मई तक बढ़ाया

**नयी दिल्ली :** भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। प्रतिबंध में इस नवीनतम विस्तार के साथ, पाकिस्तान के विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र बंद रहने की अवधि अब एक वर्ष से अधिक हो जाएगी। यह फैसला 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद पहली बार लागू किया गया था। बुधवार को जारी 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) में कहा गया है कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों और पाकिस्तानी एयरलाइंस या ऑपरेटर द्वारा संचालित या स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों, सैन्य विमानों के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

## जम्मू में मादक पदार्थ तस्करों के तीन मकान ढहाए गए

**जम्मू :** जम्मू प्रशासन ने बृहस्पतिवार को यहां कथित मादक पदार्थ तस्करों के तीन मकानों को ढहा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की भारी तैनाती के बीच राजीव नगर इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन से निर्मित मकानों को ध्वस्त कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र के कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ जारी अभियान का हिस्सा है। अधिकारी ने यहां पत्रकारों से कहा, हमने दो से तीन महीने पहले भी यहां इसी तरह का अभियान चलाया था।

# उत्तराखंड : टिहरी में अंतिम संस्कार से लौट रहे लोगों का वाहन खाई में गिरा, आठ की मौत



**नयी टिहरी :** उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में एक मैक्स वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि चंबा-कोटी कॉलोनी मार्ग पर नैल गांव के पास अपराह्न करीब सवा दो बजे यह हादसा हुआ जब वाहन अचानक अनियंत्रित होकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के समय वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी यात्री घनसाली क्षेत्र के निवासी थे और संपत लाल (65) के शव का हरिद्वार में अंतिम संस्कार करने के बाद वापस लौट रहे थे। जिलाधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव एवं राहत कार्य चलाया। मृतकों में संपत लाल का पुत्र प्रेम लाल (36) और वाहन चालक शिव सिंह (35) भी शामिल हैं। अन्य पांच मृतकों की पहचान आशा लाल (40), विजय लाल (36), महावीर (60), सेहत लाल (65) और लक्ष्मण (33) के रूप में की गयी है जबकि एक मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पायी है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड सड़क हादसे पर शोक जताया, प्रभावितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में हुए एक सड़क हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताया। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## औचक निरीक्षण पर अस्पताल पहुंचीं मुख्यमंत्री, दवाइयों की कमी और गंदगी पर अधिकारियों को लगाई फटकार



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यहां सिविल लाइंस स्थित अरुणा आसफ अली सरकारी अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया और दवाओं की कमी और गंदगी के लिए अधिकारियों को फटकार लगाई। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि वे गर्मी के मौसम के अनुरूप दवाएं, पीने का पानी, स्वच्छता और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करें। बयान में कहा गया है कि अचानक किए गए इस दौरे से दवाइयों की कमी और खराब स्वच्छता का खुलासा हुआ, जिसके लिए गुप्ता ने अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि मरीजों को उसी दिन दवाएं उपलब्ध कराई जाएं जिस दिन डॉक्टर उनकी जांच करते हैं। गुप्ता ने ओपीडी, रोगी वार्ड, दवा वितरण काउंटर, स्वच्छता प्रणाली, जल आपूर्ति, डिजिटल सेवाओं और अन्य प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया। इसमें कहा गया है कि मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत करके, उन्होंने अस्पताल के कामकाज पर प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया प्राप्त की और शिकायतें मिलने पर तत्काल सुधार करने का आदेश दिया। बयान के मुताबिक, दौरे के दौरान, कई बुजुर्ग मरीजों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे सुबह आठ बजे से कतारों में खड़े हैं और डॉक्टरों ने उन्हें नहीं देखा। गुप्ता ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रशासन के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की और स्थिति को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया।

## पंजाब और हरियाणा में भीषण गर्मी; तापमान सामान्य से तीन-चार डिग्री अधिक



**चंडीगढ़ :** हरियाणा और पंजाब में बृहस्पतिवार को भी गर्मी का प्रकोप बना रहा। स्थानीय मौसम कार्यालय के मुताबिक बठिंडा और रोहतक में भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। इन दोनों राज्यों के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से तीन-चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पंजाब के बठिंडा में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के अन्य स्थानों की बात करें तो फरीदकोट में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस, लुधियाना में 40.6 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 41.6 डिग्री सेल्सियस और अमृतसर में अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा के रोहतक में अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। हरियाणा के ही हिसार में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस, नारनौल में 42.7 डिग्री सेल्सियस, करनाल में 41.4 डिग्री सेल्सियस, गुरुग्राम में 40.3 डिग्री सेल्सियस, अंबाला में 40.8 डिग्री सेल्सियस और सिरसा में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बंगाल में भाजपा को बड़ी जीत मिलेगी, तमिलनाडु में द्रमुक चुकाएगी सनातन विरोध की कीमत: नवीन

**नयी दिल्ली :** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि पार्टी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से जीत हासिल करेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को समाप्त कर अपनी सरकार बनाएगी। 'न्यूज18 नेटवर्क' को दिए एक साक्षात्कार में, नवीन ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन असम और पुडुचेरी में एक बार फिर सत्ता में आएगा। नवीन से जब चुनावी राज्यों केरल, असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भाजपा की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जिन पांचों राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, वहां की स्थिति अलग-अलग है। हालांकि, मेरा मानना है कि इस बार सभी राज्यों में भाजपा के लिए परिस्थितियां बेहतर हैं। उन्होंने कहा, असम और पुडुचेरी में हम निश्चित रूप से दोबारा सरकार बनाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। नवीन ने कहा कि जहां तक शेष राज्यों की बात है, पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के सभी खेलों को खारिज करते हुए भाजपा के पक्ष में एक अप्रत्याशित जनादेश लेकर आने वाला है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भाजपा बंगाल में पहली बार सरकार बनाएगी, तो नवीन ने कहा, बिल्कुल। राज्य की जनता के मिजाज को देखते हुए, भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। बंगाल में पार्टी द्वारा जीती जाने वाली सीटों की संभावित संख्या के बारे में नवीन ने कहा, हम अभी अंतिम आंकड़े जारी नहीं कर रहे हैं। मतदान अभी जारी है, और प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही अधिक स्पष्टता सामने आएगी। उन्होंने कहा, लेकिन मौजूदा संकेतों के आधार पर, मेरा मानना है कि हम वहां पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार का गठन करने जा रहे हैं। बंगाल में 152 सीटों के लिए पहले चरण का मतदान इस समय जारी है, जबकि शेष 142 सीटों के लिए दूसरे और अंतिम चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। तमिलनाडु में भी बृहस्पतिवार को मतदान हो रहा है, जबकि केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव नौ अप्रैल को हुए थे। सभी के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

## फ्रांस ने अपने हवाई अड्डों से भारतीयों के लिए वीजा-मुक्त पारगमन शुरू किया : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** हवाई मार्ग से होकर फ्रांस से गुजरने वाले भारतीयों को अब पारगमन वीजा की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि फ्रांसीसी सरकार ने इस आवश्यकता को समाप्त करने के लिए एक समझौते को लागू कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह घोषणा करते हुए कहा कि भारत इस कदम का स्वागत करता है। बाद में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फ्रांस के यूरोपीय क्षेत्र से होकर गुजरने वाले भारतीय नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त पारगमन की व्यवस्था अब फ्रांसीसी सरकार द्वारा लागू कर दी गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जायसवाल ने कहा कि यह निर्णय भारत और फ्रांस के बीच स्थायी साझेदारी को दर्शाता है, जिसे राष्ट्रपति मैक्रों की हालिया भारत यात्रा के दौरान 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाया गया था, साथ ही लोगों की सुगम आवाजाही को और सुविध-ाजनक बनाने और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए भी है। जायसवाल ने कहा, फ्रांस सरकार ने अब इस समझौते को लागू कर दिया है, और 10 अप्रैल, 2026 से भूमि पारगमन फ्रांस से केवल हवाई मार्ग से गुजरने वाले भारतीय नागरिकों को अब मुख्य वीजा की आवश्यकता नहीं होगी।

## भारत-अफ्रीका साझेदारी अशांत विश्व में स्थिरता का संदेश देगी: जयशंकर




**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनिया जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है, भारत-अफ्रीका साझेदारी का विशेष महत्व है और यह एक अशांत और अनिश्चित दुनिया में 'स्थिरता' तथा 'विश्वसनीयता' का संदेश देगी। जयशंकर ने आगामी 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के लोगो, थीम और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और अफ्रीका न केवल विकास साझेदार हैं, बल्कि ''एक बेहतर दुनिया को आकार देने में भी साझेदार'' हैं। उनकी ये टिप्पणियां दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे कई संघर्षों की पृष्ठभूमि में आई हैं, जिनमें पश्चिम एशिया का संघर्ष भी शामिल है जो 50 से अधिक दिन से जारी है और वैश्विक स्तर पर असर डाल रहा है। आगामी शिखर सम्मेलन के लोगो में भारत और अफ्रीका के आपस में जुड़े हुए मानचित्रों को दर्शाने वाली छवि पर एक शेर की आकृति अंकित है। इसका विषय 'स्थायी साझेदारी साझा दृष्टिकोण' है और शिखर सम्मेलन 28 से 31 मई तक होगा। विदेश मंत्री ने कहा, ''ऐसे वक्त में जब दुनिया जटिल भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही है, हमारी साझेदारी का विशेष महत्व है। यह अशांत दुनिया में स्थिरता, अनिश्चितता में विश्वसनीयता और कठिन समय में एकजुटता का संदेश होगा।'' इस कार्यक्रम में विभिन्न अफ्रीकी देशों के कई राजदूतों और राजनयिकों ने भाग लिया। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत ने हाल के वर्षों में अफ्रीका में 17 नए मिशन खोलकर अपनी राजनयिक उपस्थिति का विस्तार किया है, जिससे अफ्रीका में भारतीय मिशनों की संख्या 46 हो गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी : हिमाचल प्रदेश भाजपा ने खरगे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**शिमला :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए ''आतंकवादी'' शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। राज्य भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी विश्वचक्षु द्वारा धर्मशाला पुलिस थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि खरगे ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करके ''भारत के 140 करोड़ लोगों का अपमान'' किया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। विश्वचक्षु ने आरोप लगाया कि 21 अप्रैल को चेन्नई में एक संवाददाता सम्मेलन में खरगे ने मोदी को 'आतंकवादी' कहा था।

## राजनाथ ने भारत के साथ आधुनिक रक्षा प्रणालियों के सह-उत्पादन के लिए जर्मन उद्योग को आमंत्रित किया




**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को जर्मन उद्योग को भारत के साथ आधुनिक रक्षा प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए आमंत्रित किया। इसके साथ ही उन्होंने भू-राजनीतिक समीकरणों में मौजूदा बदलावों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधानों के बीच विश्वसनीयता एवं साझा हितों पर आधारित साझेदारी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यूरोपीय राष्ट्र की अपनी तीन दिवसीय पहली यात्रा के अंतिम दिन म्यूनिख में आयोजित रक्षा निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान वह भारतीय और जर्मन रक्षा उद्योग के नेताओं को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सिंह ने जर्मन उद्योग को भारत के साथ, विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, सह-विकास और सह-उत्पादन करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने विश्वसनीयता और साझा हितों पर आधारित साझेदारी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, तथा भू-राजनीतिक समीकरणों में मौजूदा बदलावों, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, तीव्र प्रौद्योगिकी परिवर्तनों और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के मद्देनजर इन्हें अपरिहार्य बताया। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र और उद्योग अपनी निर्भरताओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता ला रहे हैं और ऐसे विश्वसनीय साझेदारों की तलाश कर रहे हैं जो लचीलापन, निरंतरता और आपसी विश्वास सुनिश्चित करें। मंत्रालय ने कहा कि सिंह ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की परिवर्तनकारी यात्रा पर प्रकाश डाला। इससे पहले, सिंह ने बर्लिन में अपने जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, जिसका उद्देश्य यूरोपीय राष्ट्र के साथ रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करना था। बैठक के दौरान 'रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप' और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा प्रशिक्षण में 'सहयोग के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था' पर हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान-प्रदान किया गया।

## एनआईए ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकवाद के आरोपी का भूखंड कुर्क किया




**श्रीनगर :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवाद के एक आरोपी से संबंधित एक भूखंड बृहस्पतिवार को कुर्क कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने पुलवामा जिले के राजपोरा क्षेत्र के अभामा स्थित 3.2 कनाल (17,300 वर्ग फुट) भूमि कुर्क कर ली। उन्होंने कहा कि कुर्क की गई संपत्ति तनवीर अहमद वानी की है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में आरोपी है। यह कुर्की यूएपीए की धारा 33(1) के प्रावधानों के तहत की गई। कुर्की का आदेश इस साल जनवरी में जम्मू स्थित एनआईए अदालत द्वारा जारी किया गया था।

## उत्तराखंड में बदरीनाथ धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू



**देहरादून :** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट छह माह बंद रहने के बाद बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से संपन्न हुई। पूर्व निर्धारित मुहूर्त के अनुसार, सुबह सवा छह बजे चमोली जिले में स्थित इस मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के साथ खोले गए और इस दौरान देश-विदेश से आए करीब 15 हजार श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहे। मंदिर के कपाट खुलने के दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों और सेना के बैंड की मधुर धुनों के साथ हजारों श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में माणा और बामणी गांव की महिलाओं ने झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन गाए। मंदिर को रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे नर और नारायण पर्वत के बीच स्थित इसकी सुंदरता और निखर उठी।

## सीबीएसई की 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं 15 से 21 मई तक होंगी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बृहस्पतिवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया, जो 15 मई से 21 मई तक आयोजित होगी। सीबीएसई द्वारा जारी 'डेटशीट' के अनुसार, परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित (स्टैंडर्ड और बेसिक) के पर्चे से होगी। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव) और अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) की परीक्षा होगी। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 मई को आयोजित की जाएगी। 19 मई को भाषा और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा निर्धारित की गयी है, जिसमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती तथा कई विदेशी भाषाएं शामिल हैं। इसी दिन गृह विज्ञान और कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी होंगी। 20 मई को छात्र संस्कृत, चित्रकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परीक्षा देंगे। इसके बाद 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी, जो इस सत्र की अंतिम परीक्षा होगी। यह 'डेटशीट' परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज द्वारा जारी की गई है। इसे सीबीएसई द्वारा 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के पहले संस्करण का परिणाम घोषित किए जाने के एक सप्ताह बाद जारी किया गया। सीबीएसई ने 2026 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित करना शुरू किया है।

# तमिलनाडु चुनाव: चेन्नई में एक परिवार की तीन पीढ़ियों के 14 सदस्य एक साथ वोट डालने पहुंचे



**चेन्नई :** लोकतांत्रिक भागीदारी का एक उल्लेखनीय उदाहरण पेश करते हुए, एक परिवार की तीन पीढ़ियों के 14 सदस्य बृहस्पतिवार को यहां स्टेला मैरिस कॉलेज स्थित मतदान केंद्र में वोट डालने एक साथ पहुंचे। परिवार के बुजुर्ग मुखियाओं से लेकर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं तक, सभी एक साथ कतार में खड़े थे, जिसने अन्य मतदाताओं और हाई-प्रोफाइल मतदान केंद्र पर मौजूद मीडिया कर्मियों का अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में, स्टेला मैरिस कॉलेज चेन्नई के सबसे प्रमुख मतदान केंद्रों में से एक रहा है, जहां अक्सर जानी-मानी हस्तियां अपने मताधिकार का प्रयोग करती हैं। मतदान केंद्र के बाहर 'पीटीआई वीडियो' से बात करते हुए, उक्त परिवार के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ मतदान करना उनके परिवार की लंबे समय से चली आ रही परंपरा है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रेरित करना है। परिवार की सदस्य जयंती (63) ने कहा, हम वर्षों से ऐसा करते आ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पोते-पोतियां हमें इसमें भाग लेते हुए देखें ताकि वे समझ सकें कि उनका वोट भी उतना ही मायने रखता है जितना कि हमारा। उनके बेटे शिवराज (35) ने कहा, पूरे परिवार के साथ आने से यह अपने अधिकारों का उत्सव मनाने जैसा लगता है। यहां आने से पहले हमने नाश्ते पर रोजगार और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

## गुजरात के श्रद्धालु की मौत के बाद परिवार को केदारनाथ से शव ले जाने के लिए घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ी



**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) :** भगवान शिव के दर्शन के लिए उत्तराखंड के केदारनाथ आए गुजरात के एक बुजुर्ग श्रद्धालु का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, लेकिन दुख में डूबे उनके परिवार को शव को वहां से 10 मिनट की दूरी पर स्थित गौरीकुंड तक ले जाने के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ा। परिजनों ने दावा किया कि शव ले जाने के लिए उन्हें न केवल पांच घंटे से अधिक समय तक हेलीकॉप्टर का इंतजार करना पड़ा, बल्कि उसके लिए 65 हजार रुपये भी खर्च करने पड़े। गुजरात के वडोदरा से आए 69 वर्षीय दिलीप भाई मन्नू माली अपने बेटे हेमंत तथा दो अन्य परिजनों के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे लेकिन सुबह आठ बजे मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही वह व्हाइट हाउस क्षेत्र में अचानक बेहोश हो गए। हेमंत ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बेहोश होने के बाद उनके पिता को केदारनाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां सुबह साढ़े सात बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाने के बावजूद परिवार घंटों तक वहीं फंसा रहा। हेमंत ने कहा, ''हमने जिलाधिकारी से पिता का शव ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जिसके लिए उन्होंने आश्वासन भी दिया, लेकिन दोपहर एक बजे हेलीकॉप्टर का इंतजाम हो पाया।'' हेमंत ने यह भी कहा कि केदारनाथ के आधार शिविर गौरीकुंड के पास जामू तक शव ले जाने के लिए उन्हें निजी हेलीकॉप्टर कंपनी को 65 हजार रुपये का भुगतान भी करना पड़ा।

## भारत और कतर ने व्यापार बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने के उपायों पर की चर्चा



**नयी दिल्ली:** भारत और कतर ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने एवं आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। पश्चिम एशिया संकट के कारण प्रभावित हुई आपूर्ति श्रृंखलाओं के बीच यह बातचीत हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कतर के विदेश व्यापार मंत्री अहमद बिन मोहम्मद अल सईद ने ऑनलाइन बातचीत की। गोयल ने इसकी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को और मजबूत करने तथा आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी।'' दोनों देशों के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 14 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिसे दोनों पक्षों ने 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। वे व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए बातचीत पर भी गौर कर रहे हैं। गोयल ने हाल ही में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के अन्य सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ भी व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की थी। इसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत शामिल हैं। ये सभी देश खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य हैं जिनके साथ भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के कारण अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्रों में, खासकर पश्चिम एशियाई देशों के लिए जाने वाले मालवाहक जहाजों की आव-ाजाही गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। इस संघर्ष ने खाड़ी क्षेत्र को निर्यात करने वाले निर्यातकों के लिए चुनौतियां उत्पन्न की हैं। भारत का 2024-25 में इस क्षेत्र के साथ द्विपक्षीय व्यापार 178 अरब डॉलर रहा था। इसमें 56.87 अरब डॉलर का निर्यात और 121.67 अरब डॉलर आयात शामिल है।

## ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य में पकड़े जहाज, चालक दल में भारतीय नाविक शामिल

**नयी दिल्ली:** हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास समुद्री तनाव के ताजा मामले में ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए एक जहाज के चालक दल में एक भारतीय नाविक शामिल है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सेना द्वारा जिन तीन विदेशी ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाजों पर गोलीबारी की गई थी, उनमें से दो जहाजों पर 22 भारतीय नाविक सवार थे। उन्होंने कहा, ''दोनों जहाजों पर सवार सभी नाविक सुरक्षित हैं।' तीसरे जहाज पर कोई भारतीय सवार नहीं था। ईरान ने बुधवार को जलडमरूमध्य से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे दो विदेशी कंटेनर जहाजों को पकड़ लिया और तीसरे पर फायरिंग की। यह कार्रवाई ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी और ईरानी ध्वज वाले जहाजों को पकड़े जाने के जवाब में की गई है। ईरानी सुरक्षा बलों ने 'फ्रांसेस्का' और 'एपापिनोंडास' नामक जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 852 अंक टूटा

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह



942.31 अंक यानी 1.20 प्रतिशत फिसलकर 77,574.18 पर आ गया था। दूसरी ओर 50 शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 205.05 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयर में ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद ने कहा, ''भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई। पिछले दो कारोबारी दिनों में इसमें 400 अंक से अधिक की गिरावट आई। बाजार का मिजाज जोखिम से बचने का है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बढ़ गई है और घरेलू कारक राहत देने में विफल रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि आज की गिरावट का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव का तेजी से बढ़ना है।

## भारत में अरबपतियों की संख्या 2031 तक 51 प्रतिशत बढ़कर 313 होने का अनुमान: नाइट फ्रैंक



**नयी दिल्ली:** देश में प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में संपत्ति सृजन से 2031 तक अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या 25,217 और अरबपतियों की 313 होने का अनुमान है। अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्ति (यूएचएनडब्ल्यूआई) वे होते हैं जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक होती है। वर्तमान में भारत में ऐसे व्यक्तियों की संख्या 19,877 है। जबकि अरबपतियों की संख्या 207 हैं। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' बृहस्पतिवार को जारी की। इसमें कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं, बढ़ती ब्याज दरों की चिंताओं और असमान आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद वैश्विक संपत्ति सृजन में 'तेजी से वृद्धि' हुई है। नाइट फ्रैंक के अनुसार, 'भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 19,877 से बढ़कर 2031 तक 25,217 होने का अनुमान है, जो वैश्विक संपत्ति परिदृश्य में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। साथ ही प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में असाधारण संपत्ति सृजन को भी रेखांकित करता है।' भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की कुल संख्या में मुंबई की हिस्सेदारी 35.4 प्रतिशत है। भारत अब दुनिया में यूएचएनडब्ल्यूआई की छठी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है।

## वित्त मंत्री ने बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एंथ्रोपिक के 'माइथोस' मॉडल द्वारा वित्तीय प्रणालियों की डेटा सुरक्षा से जुड़े खतरों की बात सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े जोखिमों पर बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की। यह बैठक एंथ्रोपिक द्वारा 'क्लाउड माइथोस' एआई मॉडल के विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसमें दावा किया गया है कि उसने कई प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टमों में कमजोरियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार बैठक में एआई से निपटने के लिए जरूरी जोखिमों और उपायों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वित्तीय क्षेत्र पर एआई द्वारा उत्पन्न विभिन्न जोखिमों पर विचार-विमर्श किया गया। सूत्रों ने बताया कि बैंकों से अपनी प्रणालियों, डेटा और ग्राहकों के पैसे को सुरक्षित करने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया। इस बैठक में बैंकों के शीर्ष अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मंत्रालय और आरबीआई इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि इस सुरक्षा चूक से भारतीय वित्तीय क्षेत्र को किस हद तक जोखिम का सामना करना पड़ सकता है।

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली में सोना 900 रुपये टूटा, चांदी 5,300 रुपये लुढ़की

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही वहीं कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच चांदी 5,300 रुपये लुढ़ककर 2.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900 रुपये टूटकर 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। चांदी की कीमत 5,300 रुपये टूटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही, जो बुधवार के बंद भाव 2,55,300 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि मजबूत डॉलर और तेल की बढ़ती कीमतों ने बाजार की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी लगभग दो प्रतिशत टूटकर 76.37 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना मामूली गिरावट के साथ 4,738.40 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

### रुपया 23 पैसे टूटकर 94.01 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपये में लगातार चौथे दिन गिरावट आई और यह 23 पैसे टूटकर 94.01 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया एक महीने में दूसरी बार 94 के स्तर से नीचे आया। पश्चिम एशिया में शांति वार्ता में कोई प्रगति न होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और अमेरिकी मुद्रा की वैश्विक मांग में वृद्धि के बीच विदेशी पूंजी की निकासी के कारण भी रुपये पर दबाव बना रहा। पिछले एक सप्ताह में रुपया एक प्रतिशत से अधिक टूटा है।

### आरबीआई ने फरवरी में हाजिर बाजार से 7.41 अरब डॉलर खरीदे: बुलेटिन

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 7.41 अरब डॉलर खरीदे। बृहस्पतिवार को जारी मासिक बुलेटिन के अनुसार सकल आधार पर केंद्रीय बैंक ने फरवरी में 21.40 अरब डॉलर खरीदे और 13.994 अरब डॉलर बेचे। लगातार सात महीनों तक विदेशी मुद्रा की शुद्ध बिक्री करने के बाद, यह लगातार दूसरा महीना है जब केंद्रीय बैंक ने शुद्ध खरीदारी की है। आरबीआई के मासिक बुलेटिन के आंकड़ों के अनुसार जनवरी में केंद्रीय बैंक ने 2.53 अरब डॉलर खरीदे थे। आंकड़ों के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने दिसंबर में 10.02 अरब डॉलर, नवंबर में 9.71 अरब डॉलर, अक्टूबर में 11.88 अरब डॉलर, सितंबर में 7.91 अरब डॉलर, अगस्त में 7.69 अरब डॉलर, जुलाई में 2.54 अरब डॉलर और जून में 3.66 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की थी।

### रिलायंस इंटरप्राइज इंटेलिजेंस ने परमिंदर सिंह को सीईओ नियुक्त किया

**नयी दिल्ली:** रिलायंस इंटेलिजेंस और फेसबुक के साझा उपक्रम, रिलायंस इंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड (आरईआईएल) ने परमिंदर सिंह को तत्काल प्रभाव से अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है। रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड की कंपनी में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि बाकी हिस्सेदारी फेसबुक ओवरसीज के पास है। कंपनी का लक्ष्य पूरे भारत में एंटरप्राइज एआई को अपनाने की गति को तेज करना है। इसके लिए वह 'मेटा' की एआई (कृत्रिम मेधा) क्षमताओं को रिलायंस की एंटरप्राइज पहुंच, एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और जियो की देशव्यापी संपर्क के साथ जोड़ेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, ''रिलायंस इंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड ने परमिंदर सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।' सिंह प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एशिया के जाने-माने चेहरों में से एक हैं। उन्होंने गूगल, एप्पल, ट्विटर और आईबीएम जैसी कंपनियों में काम किया है। उन्होंने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बड़े पैमाने पर डिजिटल व्यवसायों को खड़ा किया है और उनमें बदलाव लाए हैं।



## जब मैदान पर आता हूं तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं: जडेजा



**नयी दिल्ली:** रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह 'मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं।' जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा, ''जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा।' उन्होंने कहा, 'अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते।' जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है, इसलिए आपको उसके अनुसार खेलना होता है।'

## मोदी 28 अप्रैल को पूर्वोत्तर के छह राज्यों में इंडोर क्रिकेट बुनियादी ढांचों का उद्घाटन करेंगे

**गंगटोक:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल को सिक्किम दौरे के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के छह राज्यों में इंडोर क्रिकेट बुनियादी ढांचों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 28 अप्रैल को यहां पालजोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सिक्किम को राज्य का दर्जा मिलने के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में साल भर चले समारोहों के समापन का प्रतीक होगा। सैकिया ने उद्घाटन से पहले बुनियादी ढांचे के विकास का जायजा लेने के लिए इंडोर क्रिकेट स्टेडियम स्थल का दौरा किया। सैकिया ने पत्रकारों से कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री सिक्किम के अपने आगामी दौरे के दौरान रंगपो में इनडोर क्रिकेट सुविधा का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे, साथ ही पूर्वोत्तर के पांच अन्य राज्यों में भी इसी तरह की सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे।' सिक्किम में इंडोर क्रिकेट अकादमी इस पूरे क्षेत्र में क्रिकेट बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की बीसीसीआई की एक बड़ी पहल का हिस्सा है। इसी तरह की सुविधाएं अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नगालैंड में भी विकसित की गई हैं। इन परियोजनाओं की आधारशिला 20 मई 2024 को रखी गई थी। सैकिया ने बताया कि पूर्वी सिक्किम जिले के रंगपो में इनडोर क्रिकेट अकादमी परियोजना अब पूरी हो चुकी है। इस दौरे के दौरान उनके साथ आईपीएल संचालन संस्था के सदस्य मामोम मजूमदार और सिक्किम क्रिकेट संघ के अध्यक्ष टीका सुब्बा भी मौजूद थे। सैकिया ने कहा कि इस क्षेत्र में इंडोर सुविधा की बहुत जरूरत थी क्योंकि यहां साल में लगभग छह से सात महीने बारिश होती है। सैकिया ने कहा, 'ये सुविधाएं अब यह सुनिश्चित करेंगी कि खिलाड़ियों को साल भर ट्रेनिंग के अवसर मिलते रहें।'

# सैमसन का शतक, सीएसके ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराया

**मुंबई :** चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग में बड़ी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेली और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने छह विकेट पर 207 रन बनाए। सैमसन ने 54 गेंदों की अपनी पारी में 10 चौके और छह छक्के जड़े। उनके अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 22 रन का योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके।लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरुआती ओवरों में ही विकेट गंवा दिए और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते



रहे। तिलक वर्मा (37) और सूर्यकुमार यादव (35) ने चौथे विकेट के लिए 73 रन की सा-झेदारी कर कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन जीत की उम्मीद नहीं जगा सके।सीएसके की ओर से अकील हुसैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर चार विकेट लिए और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनके अलावा नूर अहमद ने दो विकेट चटकाए। मुंबई की पूरी टीम 19 ओवर में 104 रन पर सिमट गई।यह जीत रनों के लिहाज से सीएसके की सबसे बड़ी जीतों में से एक रही, जबकि मुंबई इंडियंस के लिए यह सबसे करारी हार साबित हुई। इस जीत के साथ सीएसके अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि मुंबई आठवें स्थान पर खिसक गई।

### हर मैच में 'फिनिशिंग' नहीं कर सकते : टिम डेविड

**बेंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड समझते हैं कि एक 'फिनिशर' के तौर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना मुश्किल होता है और उन्होंने इस बात को स्वीकार लिया है और उनके अनुसार असफलता के समय खुद को ज्यादा सख्ती से नहीं आंकना ही सबसे जरूरी है  साल आरसीबी को अपना पहला आईपीएल खिताब जिताने में डेविड के निचले क्रम में की गई जोरदार बल्लेबाजी ने अहम भूमिका निभाई थी और इस बार भी उन्होंने अपनी 'पावर-हिटिंग' की झलक दिखाई है। डेविड ने कहा, हमारी टीम काफी अच्छी है और टी20 क्रिकेट में मध्यक्रम बल्लेबाज़ के तौर पर आप हर मैच में फिनिशिंग नहीं कर सकते। इसलिए अगर आप हर बार ऐसा करने की उम्मीद करते हैं तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है। हम बस अपना खेल खेलते हैं और उसका मजा लेने की कोशिश करते हैं।

## जूनियर निशानेबाजी विश्व कप: प्राची और वंशिका को स्वर्ण, भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**काहिरा:** भारत की प्राची गायकवाड़ ने बृहस्पतिवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में स्वर्ण पदक जीता जबकि वंशिका चौधरी और सेजल कांबले ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में शीर्ष दो स्थान हासिल किए जिससे यहां चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में भारत का पदक तालिका में दबदबा कायम रहा। बृहस्पतिवार को दो स्वर्ण के साथ भारत के प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण हो गए हैं। इससे पूर्व पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में शिव नरवाल ने स्वर्ण जीता था। इसके साथ ही भारत के कुल पदक की संख्या 11 हो गई है जिसमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। नारायण प्रणव ने भी पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीता। प्राची ने फाइनल में 354.6 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) डार्या चुप्रिस को



पीछे छोड़ा जिन्होंने 354.4 का स्कोर बनाया। एक अन्य एआईएन निशानेबाज एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इस बीच, नारायण ने अपनी स्पर्धा में 229.5 के फाइनल स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। वंशिका ने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241.3 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता जबकि सेजल ने 24 शॉट के बाद 239.6 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। चीनी ताइपे की लियाओ के रोंग को 218.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। प्राची थ्री पोजीशन्स फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय थीं। उन्होंने 578 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर क्वालीफाई किया था। पदक दौर में नीलिंग पोजीशन में पहले 10 शॉट के बाद वह पांचवें स्थान पर थी। प्रोन राउंड में शानदार प्रदर्शन के बाद वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं और उस समय शीर्ष पर चल रही डार्या से सिर्फ 0.6 अंक पीछे थीं। इसके बाद स्टैंडिंग के शुरुआती पांच शॉट में 50 से अधिक का स्कोर करके भारतीय निशानेबाज पहली बार बढ़त बनाने में कामयाब रहीं लेकिन डार्या ने अगली सीरीज में 51.0 का स्कोर करके पलटवार किया। इस बीच कुछ निशाने 10 अंक से चूकने के कारण प्राची कुछ समय के लिए तीसरे स्थान पर खिसक गईं जिससे पांच शॉट बाकी रहते हुए मुकाबला काफी रोमांचक हो गया।

## टी20 विश्व कप से ठीक पहले भारत की कमजोरियां सही समय पर उजागर हुईं: हरमनप्रीत



**जोहानिसबर्ग:** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में 'मजबूत वापसी' करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखलाएं जीती। हरमनप्रीत ने तीसरे मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'पिछले टी20 विश्व कप के बाद हमने अधिकतर टी20 श्रृंखला जीती हैं। यह एकमात्र ऐसी श्रृंखला है जिसमें हम पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।'

## नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करेगा: आईसीसी

**सीईओ लॉस एंजिलिस:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार को शिलान्यास किया गया। गुप्ता ने कहा, 'यह इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि आज हम जिस चीज की नींव रख रहे हैं, वह सिर्फ एक क्रिकेट मैदान नहीं है। हम एक वादे की नींव रख रहे हैं। एक ऐसा वादा जिसे पूरा करने में 128 साल लगे।' गुप्ता लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के आयोजन स्थल के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने क्रिकेट को लॉस एंजिलिस खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी है और गुप्ता ने कहा कि इससे इस खेल के बढ़ते प्रभाव का पता चलता है। उन्होंने कहा, 'दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी, तो यह केवल घोषणा मात्र नहीं थी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।'

## राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज बर्गर पर जुर्माना

**लखनऊ:** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इस 30 वर्षीय खिलाड़ी के खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3572 अंक 038 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in